आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 27 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-150 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







# वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से तबाही, 33 की मौत

**जम्मू,27 अगस्त।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी धाम की तरफ जाने वाले रास्ते पर भारी बारिश से भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, जबकि करीब 20 लोगों के घायल होने की खबर है। अर्द्धकुंवारी के पास बुए भूस्खलन ने यात्रा मार्ग को प्रभावित कर दिया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। भूस्खलन वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर स्थित अर्द्धकुंवारी गुफा मंदिर में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित मंदिर मार्ग का बड़ा हिस्सा मलबे में ढेर हो गया है। आशंका है कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं। सेना और प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। जम्मू-कश्मीर में हो रही लगातार बारिश से बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा हो गई है। जम्मू में ओवरब्रिज ढह गए हैं, बिजली लाइन और मोबाइल टावरों को नुकसान हुआ है। तीन पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। संभाग में 2014 के बाद (11 साल) मंगलवार को फिर ऐसी जल तबाही देखने को मिली है। पिछले चार दिन से भारी बारिश से संभाग के लगभग सभी जिलों में जनजीवन पटरी से उतर गया है। चारों ओर भारी क्षति हुई है। जम्मू संभाग की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में सैकड़ों लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है। जम्मू से रामबन में करीब 12 स्थानों पर भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। चक्की पुल पठानकोट पर बाढ़ जैसी स्थिति से जम्मू, उधमपुर, कटड़ा आने वाली 18 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। जम्मू से श्रीनगर जाने वाली दो उड़ानें भी रद्द करनी पड़ीं। जम्मू में भगवतीनगर में तवी नदी पर बने पुल के एक हिस्से के धंस जाने से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। शहर में तवी के तीन पुलों पर भी दोपहर बाद वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की गई। पूरे शहर में अफरातफरी का माहौल है। दूरसंचार सेवाएं ठप होने से लोग अपनों से संपर्क नहीं कर पाए। जम्मू पठानकोट मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही बंद है। किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी का जलस्तर बढ़ने से बड़ा द्राबशाला रतले पावर प्रोजेक्ट के पास लोहे का पुल बह गया। दिल्ली-कटड़ा एक्सप्रेसवे के पुल निर्माण को नुकसान पहुंचा है। कई जगह शटरिंग बह गई है। सांबा के विजयपुर में देविका पुल का हिस्सा धंस जाने से आवागमन ठप है।



जम्मू से रामबन में करीब 12 स्थानों पर भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। चक्की पुल पठानकोट पर बाढ़ जैसी स्थिति से जम्मू, उधमपुर, कटड़ा आने वाली 18 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। जम्मू से श्रीनगर जाने वाली दो उड़ानें भी रद्द करनी पड़ीं।

पूरे शहर में अफरातफरी का माहौल है। दूरसंचार सेवाएं ठप होने से लोग अपनों से संपर्क नहीं कर पाए। जम्मू पठानकोट मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही बंद है। किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी का जलस्तर बढ़ने से बड़ा द्राबशाला रतले पावर प्रोजेक्ट के पास लोहे का पुल बह गया। दिल्ली-कटड़ा एक्सप्रेसवे के पुल निर्माण को नुकसान पहुंचा है। कई जगह शटरिंग बह गई है। सांबा के विजयपुर में देविका पुल का हिस्सा धंस जाने से आवागमन ठप है।

## जान-माल की हानि दुखद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन के कारण हुई जान-माल की हानि दुखद है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. प्रशासन सभी प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है. मैं सभी की सुरक्षा और कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना करता हूं.

## वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई

रियासी SSP परमवीर सिंह ने बताया कि वैष्णो देवी मंदिर मार्ग स्थित अधक्वारी गुफा मंदिर में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भूस्खलन हुआ है। इसमें करीब 30 लोगों की मौत हुई है। वैष्णो देवी मंदिर मार्ग मलबे से अट गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यात्रा रोक दी है। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। अधिकारी भी नजर बनाए हुए हैं।

जम्मू-कश्मीर के माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन से हुआ हादसा अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु और कई लोगों के घायल होने का समाचार प्राप्त हुआ है।मैं दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।



एक्सप्रेसवे के पुल निर्माण को नुकसान पहुंचा है। कई जगह शटरिंग बह गई है। सांबा के विजयपुर में देविका पुल का हिस्सा धंस जाने से आवागमन ठप है।

# हिंदू राष्ट्र का सत्ता से कोई लेना-देना नहीं : मोहन भागवत

**नागपुर,27 अगस्त।** ऐसे समय में जब देश में हिंदू राजनीति अपने चरमोत्कर्ष की ओर जा रही हो, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत का मंगलवार को दिया गया भाषण महत्वपूर्ण हो जाता है. भागवत कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र शब्द का सत्ता से कोई मतलब नहीं है. भाजपा सरकार पर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि वह इस विचारधारा को सत्ता पाने और उसमें बने रहने के औजार के रूप में इस्तेमाल करती है. आम तौर पर यह माना जाता रहा है कि संघ बीजेपी को समय समय पर बौद्धिक खुराक देता रहा है. अपने तमाम मतभेदों के बावजूद संघ और बीजेपी एक बिंदु पर जाकर एक हो जाते हैं. जाहिर है कि भागवत का कथन सिर्फ शब्दों का खेल नहीं है, बल्कि संघ की मूल वैचारिक धारा को तो व्यक्त करता ही है देश में सत्तासीन बीजेपी सरकार के लिए एक दिशा का निर्धारण भी करता है. पर सवाल यह है कि संघ प्रमुख के इस बयान के मायने क्या हैं? क्या यह सीधे -सीधे बीजेपी नेताओं को संदेश देता है?



**राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश**-भागवत का यह ताज़ा बयान ऐसे समय में आया है जब विपक्ष भाजपा पर लगातार यह आरोप लगा रहा है कि वह बहुसंख्यकवाद और ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रही है. भाजपा लगातार दूसरी बार केंद्र में सत्तासीन है और कई राज्यों में भी उसके हाथ में ताकत है. ऐसे में संघ प्रमुख का यह कहना कि हिंदू राष्ट्र का अर्थ सत्ता से नहीं है, एक राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश के रूप में भी देखा जा सकता है. इसके साथ ही इस तरह भी देखा जा सकता है कि संघ अब बीजेपी को हिंदू राष्ट्र के मुद्दे को थोड़ा नरम करके चलने का संकेत देना चाहता हो. आरएसएस अपनी स्थापना के शुरुआती दिनों से ही हिंदू राष्ट्र की बात पर मुखर रहा है. गोलवलकर, जिन्हें गुरुजी कहा जाता है ने इसे परिभाषित करते हुए कहा था कि भारत की आत्मा हिंदू है और यहां की संस्कृति की जड़ें हिंदुत्व से निकली हैं. संघ का शुरू से ही मानना रहा है कि हिंदू शब्द सिर्फ धार्मिक नहीं है. इसमें सभ्यता, परंपरा, जीवनशैली और सामाजिक मूल्य सभी शामिल हैं. यही कारण है कि संघ हमेशा कहता रहा कि मुसलमान, ईसाई, पारसी या अन्य धार्मिक समूह भी इस राष्ट्र के उतने ही हिस्से हैं, जितने हिंदू. इसलिए यह बिल्कुल सीधा और साफ है कि भागवत का बयान संघ की पुरानी लाइन को ही दोहराता है.चूंकि आरएसएस सीधे सत्ता की राजनीति में शामिल नहीं होता. संघ की असली ताकत समाज-निर्माण, शिक्षा, सेवा और सांस्कृतिक कार्य में है. इसलिए संघ प्रमुख के इस बात में कुछ भी नया नहीं है कि हिंदू राष्ट्र का लक्ष्य संसद में बहुमत पाना नहीं है, बल्कि समाज को ऐसा बनाना है जिसमें नैतिकता, समरसता और सांस्कृतिक एकता हो. हां लेकिन उनकी इस बात की टाइमिंग महत्वपूर्ण है. यह हो सकता है कि संघ प्रमुख बीजेपी के लिए कोई सीमा रेखा खींच रहे हैं या अल्पसंख्यकों को कोई संदेश दे रहे हों.

# बस्तर में टूटा 94 साल का रिकॉर्ड

## लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, एसडीआरएफ और वायुसेना की टीम कर रही रेस्क्यू

**जगदलपुर/रायपुर,27 अगस्त।** पहाड़ों और घने जंगलों की खूबसूरती के लिए चर्चित बस्तर इन दिनों बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना है. हालात इतने गंभीर हैं कि विदेश दौरे के बीच मुख्यमंत्री साय ने राहत और बचाव कार्य की जानकारी ली. इस बार बस्तर में बारिश का 94 साल का रिकॉर्ड टूट गया है. एक दिन में 210 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है. यहां सोमवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. मौसम विभाग के डेटा के अनुसार, बस्तर में 94 साल रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है. 24 घंटे में 217 मिमी बारिश हुई है. इससे पहले 1931 में इतनी बारिश हुई थी. मूसलाधार बारिश के कारण जिले के नदी-नाले उफान पर हैं. कई गांवों का सम्पर्क भी टूट गया है. जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है. वहीं जगदलपुर में इंद्रावती की सहायक गोरिया बाहर नाला उफान पर है, जिसकी वजह से सांसद निवास कलचा सहित दर्जनों गांवों का संपर्क जगदलपुर शहर से टूट गया है. जगदलपुर शहर के आधा दर्जन वार्ड भी पानी की चपेट में आ चुके हैं, कई घरों में पानी घुस गया है. इस बीच, गोरिया बाहर नाला में तीजा पर्व पर पूजा के सामान के विसर्जन के लिए महिलाएं, पुरुष और बच्चे पहुंच रहे हैं. जलस्तर कभी भी बढ़ सकता है, फिर भी वहां सुरक्षा व्यवस्था नहीं है और लोग जान जोखिम में डालकर विसर्जन कर रहे हैं. बारिश का सबसे ज्यादा असर लोहंडीगुड़ा के मांदर गांव में देखने को मिला, जहां बाढ़ से 85 परिवारों को विस्थापित होना पड़ा.



बाढ़ जैसी स्थिति से प्रभावित क्षेत्रों में वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है. पांच हेलिकॉप्टर से 5 लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया. वहीं रेस्क्यू में एसडीआरएफ की टीम भी जुटी हुई है. एसडीआरएफ की टीम ने 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है.



**जगदलपुर,27 अगस्त।** बस्तर में बारिश का कहर,गीदम से जगदलपुर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग धंस गया।

## जगदलपुर में 4 लोगों की मौत, बाढ़ में बह गई कार

**जगदलपुर,27 अगस्त।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में एनएच 30 पर दरभा के पास एक दुखद हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई. मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं. हादसा उस समय हुआ जब परिवार की स्विफ्ट डिजायर कार बाढ़ के पानी में बह गई। जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु का यह परिवार बस्तर घूमने आया था. कार में सवार ड्राइवर ने तैरकर अपनी जान बचाई, लेकिन परिवार के चार सदस्य पानी के तेज बहाव में फंस गए. एडिशनल एसपी महेश्वर नाग ने घटना की पुष्टि की है. SDRF की टीम ने देर रात कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे शवों को बाहर निकाला. सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जगदलपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# भारत-पाक तनाव पर ट्रंप का नया खुलासा !

वाशिंगटन,27 अगस्त। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव खत्म करने में अपनी भूमिका को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है। व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत पाक के बीच संभावित परमाणु टकराव को रोकने के लिए सीधी दखल दी थी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी। ट्रंप ने दावा किया कि मैंने पीएम मोदी से कहा कि मैं एक शानदार इंसान से बात कर रहा हूं। फिर मैंने पाकिस्तान से बात की और कहा कि अगर तनाव जारी रखा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। बल्कि इतना ऊंचा टैरिफ लगाएगा कि उनका सिर घूम जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि पाकिस्तान को समझाने के लिए उन्होंने कड़ा रुख अपनाया। ट्रंप ने आगे कहा कि मैंने पाकिस्तान से कहा कि आप व्यापाक की बात कर रहे हो। जबकि भारत से युद्ध की तैयारी। मैंने साफ कह दिया कि न तो व्यापार होगा और न कोई डील। फिर पांच घंटे के भीतर मामला शांत हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी लंबे समय से चला आ रहा है, कभी-कभी सैकड़ों वर्षों से अलग-अलग नामों से। भारत और पाकिस्तान 1947 में ही स्वतंत्र राज्य बने, जब अंग्रेजों ने भारतीय उपमहाद्वीप पर अपने 200 साल लंबे शासन को समाप्त करने और इसे दो अलग-अलग राष्ट्रों में विभाजित करने का फैसला किया। इससे पहले, यह क्षेत्र कई छोटे-छोटे राज्यों में विभाजित था। ट्रंप ने दावा किया कि दोनों एशियाई पड़ोसियों के बीच शांति स्थापित करने के लिए, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को धमकी दी कि वाशिंगटन व्यापार रोक देगा और नई दिल्ली पर ऊँचे टैरिफ लगा देगा। उन्होंने कहा कि मैंने कहा, मैं आपके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करना चाहता...आप लोग परमाणु युद्ध में उलझ जाएँगे...मैंने कहा, कल मुझे फिर से फ़ोन करो, लेकिन हम आपके साथ कोई समझौता नहीं करेंगे, वरना हम आप पर इतने ऊँचे टैरिफ लगा देंगे कि आपका सिर घूम जाएगा।



# घुसपैठियों की अब खैर नहीं: अमित शाह

नई दिल्ली,27 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिये गये अपने संबोधन में इस तथ्य पर विशेष ध्यान दिलाया था कि सीमा से लगे गाँवों में अवैध प्रवास के कारण जनसंख्या संरचना में बदलाव आ रहा है और यह केवल भौगोलिक कारणों से नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। इसी परिप्रेक्ष्य में गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में आयोजित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (VVP) कार्यशाला में महत्वपूर्ण संकेत दिए। अमित शाह ने साफ कहा कि सीमा क्षेत्रों में होने वाले जनसांख्यिकीय परिवर्तन केवल सामाजिक या प्राकृतिक प्रवाह का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह एक नियोजित प्रयास है। धार्मिक संरचनाओं अथवा अवैध कब्जों के माध्यम से स्थानीय जनसंख्या संतुलन बदलने की कोशिश की जाती है, जिससे दीर्घकालिक रूप से सुरक्षा पर असर पड़ता है। उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि वहाँ भूमि और समुद्री सीमा क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं। अमित शाह ने विशेष रूप से जिलाधिकारियों, मुख्य सचिवों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) को निर्देशित किया कि वह सीमा से 30 किलोमीटर तक के क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध ढाँचों को हटाएँ। साथ ही अवैध प्रवास और बस्तियों पर गंभीरता से कार्रवाई करें। अमित शाह ने यह भी कहा कि CAPFs और जिला प्रशासन आपस में समन्वय कर विकास योजनाओं को शत-प्रतिशत संतृप्ति तक पहुँचाएँ। हम आपको बता दें कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का लक्ष्य केवल बुनियादी ढाँचा निर्माण तक सीमित नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य सीमा क्षेत्रों के गाँवों को राष्ट्र की सुरक्षा में सहभागी बनाना है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके तहत उत्तरी सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के 19 जिलों के 46 ब्लॉक में 2,967 गांवों की व्यापक विकास के लिए पहचान की गई है। हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड में चीन सीमा के नजदीक आखिरी गांव माणा में जब गये थे तब उन्होंने कहा था कि सीमाओं पर बसे गांव को आखिरी गांव नहीं पहला गांव कहा जाना चाहिए।



# कामधेनु विवि के छात्रों ने बनाई हैं इको फ्रेंडली गणेश की मूर्तियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 अगस्त।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी कामधेनु पंचगव्य अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र, अंजोरा, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग में गौमाता के गोबर से विशुद्ध रूप से गोबर एवं प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके भगवान गणेश की मूर्ति तैयार की गई है। मूर्ति का निर्माण डॉ राकेश मिश्र के देख रख में हो रहा है, डॉ मिश्र ने बताया कि इस मूर्ति की विशेषता यह है कि यह पूर्णतः पर्यावरण अनुकूलित है अर्थात इसके उपयोग के बाद इस मूर्ति को अगर किसी जलाशय या घर के गमले में विसर्जित किया जाएगा तो को रासायनिक पदार्थों की शून्यता के कारण किसी प्रकार के जलीय जीव जन्तु एवं फसलों , साग सब्जियों पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि कोई बच्चा भी प्रत्यक्ष रूप से इस मूर्ति के संपर्क में अर्थात उसे चाट लेता है तो भी बच्चे पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। संस्थान ने इस विशुद्ध मूर्ति निर्माण पर विशेष ध्यान आकर्षित किया है कि जन सामान्य को भगवान की पूजा के साथ पर्यावरण की पूजा भी हो अर्थात पर्यावरण को किसी भी प्रकार का नुकसान न हों। विश्वविद्यालय ने इस कार्य को सराहा है और विश्विद्यालय के सभी स्टाफ को बोला है कि यदि वो भगवान गणेश जी की प्रतिमा अपने घर में रखते है तो इस विशुद्ध गौमय से निर्मित प्रतिमा को क्रय करें और पर्यावरण की रक्षा करें।

संस्थान में निर्मित यह प्रतिमा बाजार में उपस्थित गणेश की प्रतिमा से किफायती दर में उपलब्ध है। यह प्रतिमा कामधेनु पंचगव्य संस्थान में उपलब्ध है आप इसे संस्थान में आकर क्रय कर सकते है। डॉ राकेश मिश्र 9993907898, रमेश मरावी 9827155961 से चर्चा कर सकते हैं। इको फ्रेंडली इको फ्रेंडली मूर्ति गणेश जी की प्रतिमा घर-घर पहुंचे पर्यावरण के लिए लाभदायक हो किसी प्रकार का इससे नुकसान न हो इसके लिए नगर निगम भिलाई कामधेनु विश्वविद्यालय के गोबर से बने हुए गणेश की प्रतिमाएं सबके घरों तक पहुंचे इसलिए सहयोग कर रहा है। नेहरू नगर भेलवा तालाब में 27 तारीख को सुबह 7:30 बजे से कामधेनु विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा बनाई गई मूर्ति लोगों के सुविधा के लिए उपलब्ध रहेगी, आकर प्राप्त कर सकते हैं।

### त्रिवेणी जैन तीर्थ में मनाया जा रहा पर्युषण पर्व

**भिलाई, 27 अगस्त ।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में प्रतिवर्ष अनुसार आत्म अवलोकन एवं धर्म आराधना की बेला में जैन मिलन जैन ट्रस्ट जैन महिला क्लब के तत्वाधान में विविध धार्मिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं । इस वर्ष विश्व मैत्री दिवस का आयोजन 14 सितंबर रविवार को त्रिवेणी जैन तीर्थ के प्रांगण जैन भवन सेक्टर 6 में . सकल जैन समाज के साथ मनाया जा रहा है । जैन मिलन के प्रचार प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि अंक 20/ 8 से 27 /8 तक. श्वेतांबर जैन समाज द्वारा पर्यूषण महापर्व पश्चात 28 से 6 सितंबर तक दिगंबर जैन समाज दसलक्षण का धार्मिक पर्व मनाएंगे ।

## समाचार संक्षेप

### तीन किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार, 9 हजार रुपए जब्त




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 अगस्त।** धमधा थाना क्षेत्र के गांजा तस्करी मामले में धमधा पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है महिला के पास से पुलिस ने 3.2 किलो ग्राम गांजा 9 हजार रुपए का जब्त किया है धमधा टीआई युवराज साहू ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम देवरी धमधा निवासी सुकरीता बाई अपने घर में गांजा को रखकर बेचने की फिराक में थी दबिश देने पर सुकरीता बाई के घर से गांजा जब्त किया गया आरोपी ने तस्करी करने वाले कार को ग्राम सिरनाभाठा नर्सरी के पास सफेद रंग का कार सीजी 07 सीजेड 8111 को घेराबंदी कर पकड़ा गया कार की तलाशी लेने पर 1 किलो 160 ग्राम गांजा अलग से जब्त किया जिसकी कीमत 5 हजार रुपए है सुकरीता बाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया।

## एक नजर

### डॉक्टर ने की पत्नी से मारपीट, मामला दर्ज

**भिलाई, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डॉक्टर देवेंद्र रत्नानी पर अपनी पत्नी डॉक्टर विनीता रत्नानी के साथ मारपीट का आरोप है डॉक्टर विनीता की रिपोर्ट पर डॉक्टर देवेंद्र रत्नानी के खिलाफमहिला थाने में मामला दर्ज हुआ है महिला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डॉ. विनीता रत्नानी पति डॉ. देवेन्द्र रत्नानी (49 साल) निवासी कुबेर एन्क्लेव कोहका निवासी स्त्री रोग्य विशेषज्ञ क्लीनिक पावर हाउस शास्त्री मार्केट में प्रैक्टिस करती हैं उनका विवाह 26 नवम्बर 2004 को सामाजिक रीति रिवाज के साथ डॉ. देवेन्द्र रतनानी पिता संतोष रत्नानी निवासी शांति नगर के साथ हुआ था। अपने पति के साथ संयुक्त परिवार में एक महीने तक ठीक रही। उसके बाद से ही पति डॉ देवेंद्र रत्नानी आये दिन ताना देने लगे और दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।

### झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से आदिवासी युवक की मौत, आक्रोश

**गरियाबंद, 27 अगस्त।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पेंड्रा गांव में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही ने एक आदिवासी युवक की जान ले ली। मृतक पुरुषोत्तम ध्रुव (40 वर्ष) पाइल्स की समस्या से पीड़ित था और इलाज के लिए ओडिशा सीमा में रहने वाले दो फर्जी डॉक्टरों—बबलू टांडी और संजू राजपूत—से संपर्क किया था। इलाज के एवज में 30 हजार रुपये लिए गए थे। 20 अगस्त को दोनों आरोपी युवक पीड़ित के घर पहुंचे और तीन दिनों तक उसका इलाज करते रहे। अंतिम दिन मरीज की हालत बिगड़ गई, लेकिन आरोपी उसे अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए। परिजनों को इलाज के दौरान कमरे में न जाने की सख्त हिदायत दी गई थी, जिससे किसी को स्थिति की गंभीरता का पता नहीं चल सका। जब मृतक की बेटी को शक हुआ और दरवाजा खोला गया, तो पुरुषोत्तम खून से लथपथ हालत में तड़पते हुए मिला। परिजन तत्काल उसे गरियाबंद जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश चौहान ने पुष्टि की कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पेरिएनल एरिया में गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौत हुई। बताया गया है कि फर्जी डॉक्टरों ने गलत तरीके से चीरा लगाकर इलाज करने की कोशिश की थी। इस घटना को लेकर आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है।

### हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं गरीब आदमी का माखौल

**दुर्ग, 27 अगस्त।** यदि हेलमेट न पहना हो तो पेट्रोल नही मिलेगा। यह आदेश जारी किया है दुर्ग कलेक्टर ने। भले ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो, सड़क चलने के काबिल न रहे, हालांकि शहर के भीतरी मार्गो पर आप 10 या 20 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड पर चलो, मगर सिर पर हेलमेट जरूरी है। यह अफसरशाही का ताजा नमूना है। सुविधा दे नही सकते, पर ठीकरा जरूर फोड़ सकते हैं। आज शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भले चरमरा गई हो, सड़क पर बेतरतीब गड्ढे बन आये हो, पर उसकी फिकर करने इन अधिकारियों के पास समय नही। सबका खामियाजा आम आदमी को ही भुगतना है। जिला प्रशासन ने एक कड़ा निर्देश जारी कर सभी पेट्रोल पंप संचालकों को चेताया है कि वाहनों में पेट्रोल तभी डाला जाए जब चालक हेलमेट पहने हुए हो। बेशक सड़क यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूरी है। मगर इसके बहाने दूसरे चीजो को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मजबूर आदमी की मजबूरी का माखौल कब तक उड़ाया जाएगा, यह समझ से परे है।

## निधन

### पोखन लाल कश्यप

**भिलाई, 6 अगस्त।** जवाहर नगर, दुर्ग निवासी



अवकाश प्राप्त शासकीय प्रधान पाठक रमेश कश्यप पिता स्व. पोखन लाल कश्यप उम्र 75 वर्ष का 25 अगस्त को देहावसान हो गया है वे पूर्णिमा कश्यप के पति व स्व. सुरेश, स्व. नरेश, कैलाश, प्रहलाद, प्रकाश व दिनेश के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 26 अगस्त को हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया।

### किशोरी पंडा

**भिलाई, 6 अगस्त।** न्यू प्रेस क्लब ऑफभिलाई के वरिष्ठ सदस्य उत्कल मेल के ब्यूरो प्रमुख



अशोक पंडा, उत्कल सांस्कृतिक परिषद श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 के महासचिव अरुण पंडा एवं अनिल पंडा दूरदर्शन समाचार जिला प्रतिनिधि दुर्ग, आजतक न्यूज चैनल के दुर्ग जिला के प्रतिनिधि रघुनंदन पंडा, अजीत पंडा की माता किशोरी पंडा स्वर्गीय एकादशी पंडा पूर्व बी एस पी कर्मी का निधन आज सुबह हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास सेक्टर 6 सड़क एवेन्यू ई, ब्लॉक नंबर 7 एफसेक्टर 6 से 1 बजे मुक्तिधाम रामनगर निकाली जाएगी। नाती नतीन श्वेता धर, शशि शेखर सौम्या, सोमेश की दादी थी।

### मोटर साइकिल चोर गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

# 15 लाख के 19 वाहन जब्त, तीन गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 27 अगस्त।** एसएसपी दुर्ग की गठित स्पेशल टीम ने जिले में दुपहिया वाहन चोरों के गिरोह का भंडाफोड़ कर 15 लाख रुपए की 19 वाहन जब्त किया है पुलिस ने गिरोह में कोटवार के बेटे सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी के वाहनों को ग्रामीण क्षेत्रों में अपने परिचितों को दो से तीन हजार रुपए में बेचे देते थे इस कार्रवाई में खास बात यह है कि पहली बार दुर्ग पुलिस ने चोरी के वाहन खरीदने वालों के विरूद्ध भी कार्रवाई की है एएसपी (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी के घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए दुर्ग जिले के सभी अनुभाग स्तर पर आरोपियों की धर पकड़ एवं चोरी गई वाहन की बरामदगी के लिए एक टीम गठित की गई थी दुर्ग पुलिस ने जिले में चलाई जा रही सशक्त ऐप अंतर्गत लावारिस वाहन एवं चोरी की गई वाहनों को सर्च कर दुर्ग अनुभाग के गठित टीम आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर ग्रीन चौक के पास तीन संदिग्ध युवकों को पकड़कर पूछताछ करने पर पर रुपेश निषाद (20) थाना बेरला जिला बेमेतरा, हरीश मानिकपुरी (18) निवासी ननकट्ठी बताया। आरोपी विगत 6-7 माह से दुर्ग, मोहननगर, सुपेला, भिलाईनगर एवं अन्य क्षेत्रों पर सूनसान तथा भीड़भाड़ इलाकों में खड़े मोटर साइकिलों को चोरी कर देना बताया। आज से करीब 4 माह पूर्व से अभी तक कुल 19 दोपहिया वाहन एवं मोटर साइकिल को चोरी करना स्वीकार किया वे चोरी के वाहनों को अपने परिचितों के माध्यम से कम कीमत में बेच देना बताया।पुलिस ने बताया कि खरीददार यह जानते हुए कि बिना नम्बर और बिना कागजात की चोरी की है और उसे खरीद लिया करते थे ऐसे कुल 14 खरीददारों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

### सीमेंट व्यवसायी से 15 लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 अगस्त।** सीमेंट व्यवसायी से 15 लाख रुपए की ठगी हुई है एजेंट ने गाड़ी मालिक के साथ मिलकर बैंक में बंधक जेसीबी थमा दी। सौदा के समय आरोपियों ने गाड़ी पर कोई फाइनेंस नहीं होने की जानकारी दी, जब व्यवसायी ने आरसी ट्रांसफर के समय मामले का खुलासा हुआ।

इस मामले में कोर्ट के आदेश पर भिलाईनगर पुलिस ने मामले में धारा 420,34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि वह अजमेरा सीमेंट सेंटर का प्रोप्राइटर है। उसे अपने रेत, सीमेंट, गिट्टी समेत अन्य प्रायोजन के लिए जेसीबी की जरुरत थी। एजेंट अर्जुन गुप्ता ने उसे एक जेसीबी बिक्री के लिए आने की जानकारी दी।

उसने बताया जेसीबी गाड़ी मालिक प्रवीण कुमार ठाकुर के पैतृक निवास ग्राम-केशव टोला (चिचोला) में खड़ी है। इस पर उसने गाड़ी देखने के लिए अपने बेटे प्रमित कुमार जैन को प्रवीण के गांव भेज दिया, जहां उसके भाई विलास सिंह ठाकुर वाहन दिखाया। गाड़ी पसंद आने पर 15.50 लाख रुपए में खरीदी का सौदा तय हुआ। उस दौरान आरोपी प्रवीण कुमार ठाकुर ने गाड़ी कोई फाइनेंस नहीं होने की बात कही।

इसके बाद 7 जुलाई 2022 को आरटीजीएस के माध्यम से 5 लाक रुपए एजेंट अर्जुन गुप्ता के खाते में रकम ट्रांसफर कर दी। इसके बाद 9 जुलाई को उसका बेटा जेसीबी लेकर भिलाई आ गया। 12 जुलाई को 10 लाख रुपए आरटीजीएस शेष 50 हजार दस्तावेज ट्रांसफर होने तक के लिए रोक लिया, लेकिन 3 महीना गुजरने के बाद भी आरसी ट्रांसफर नहीं की। इस बीच आरोपी के माध्यम से ही जेसीबी पर फाइनेंस होने की जानकारी मिली।

# आयुक्त ने किया जर्जर रोड का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 अगस्त।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा जोन 2 अंतर्गत के एच मेमोरियल स्कूल के सामने निगम स्वामित्व के हरित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। कब्जा मुक्त कर उद्यान निर्माण हेतु शोभायमान एवं फूलदार पौधों के रोपण हेतु निर्देशित किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा जवाहर नगर सब्जी मंडी से लगा हुआ रोड का मुआयना किया गया जो कि वर्तमान में जर्जर अवस्था में है। उक्त रोड निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति पश्चात निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, वर्षा ऋतु पश्चात रोड का निर्माण किया जाएगा।

जवाहर नगर सब्जी मंडी जिसकी ज्यादातर दुकानों की स्थिति जर्जर है, यहां गिनती के कुछ ही दुकान संचालित है। संचालित दुकान में पूछताछ करने पर आवंटित दुकानदार के बदले किराएदार मिला। निगम आयुक्त द्वारा व्यवस्था में सुधार हेतु कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया है। आयुक्त द्वारा आम्रपाली, प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित कॉलोनी के नाली एवं सफाई व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को निर्देशित किया गया है। कुरूद सुंदर विहार स्थित रूरल रोड नेटवर्क मैनेजमेंट यूनिट के बाजू कच्चा रोड है, नवीन पक्का रोड निर्माण में प्राक्कलन अनुसार लगभग 82 लाख रुपए का व्यय होना संभावित है। इस रोड के निर्माण हेतु मोहल्लेवासी कई वर्षो से परेशान है और मांग कर रहे हैं, निगम आयुक्त रोड की दयनीय स्थिति देखकर तत्काल निविदा की प्रक्रिया हेतु निर्देशित किये हैं। भ्रमण के दौरान उप अभियंता अर्पित बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### मधुमक्खी पालन का सात दिवसीय प्रशिक्षण किसानों को दिया गया

**कवर्धा, 27 अगस्त।** कृषि विज्ञान केन्द्र में 18 से 24 अगस्त 2025 तक 7 दिवसीय मधुमक्खी पालन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यशाला में कबीरधाम जिले के विभिन्न गांवो से 25 कृषकों का चयन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम चिमरा, नेवारी, झलमला, पौनी, तिलईभाट, झीरबांधा, खुर्सीपार एवं रमपुरा के कृषकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर राज्य के अलग-अलग केन्द्रों के वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों पर जैसे मधुमक्खी के प्रकार, फुल प्रबंधन एवं रख-रखाव, विभिन्न उपकरण, स्थान का चयन, शहद निष्काशन विधि, बाजार विक्रय मांग एवं पैकेजिंग के साथ-साथ कृषकों को शहद प्रसंस्करण केन्द्र, बोड़ला एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षण के अंत में 25 प्रशिक्षणार्थियों को मुख्यअतिथि डा. ऋचा मिश्रा, प्राचार्य, आचार्य गृंथ मुनि नाम साहब स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, डा. असीत कुमार मिश्रा, सहायक प्राध्यापक, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डा. बी.पी. त्रिपाठी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डा. बी. पी. त्रिपाठी, प्रशिक्षण समन्वयक डा. एन. सी. बंजारा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी, उपस्थित थे।

### एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल नौवें दिन भी जारी

**दुर्ग, 27 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के 16,000 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर नौवें दिन भी हड़ताल पर डटे रहे। मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को प्रदेशभर में महिला कर्मचारियों ने भी तीज पर्व पर निर्जला व्रत रखते हुए आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। कई कर्मचारी अपने छोटे बच्चों को लेकर भी धरना स्थल पर पहुंचे। हड़ताल की वजह से प्रदेश की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। इनमें एचआरएमआईएस, आरसीएच, एचआरपी, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, प्रसव सेवा, यूविन एंट्री, आईएचआईपी ऑनलाइन एंट्री, एनसीडी प्रोग्राम, डेटा एंट्री कार्य, टीबी एवं टीकाकरण सेवाएं, बाल रोग निदान केंद्र, श्रवण जांच केंद्र, कुपोषित शिशु आहार केंद्र, हमर क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। एनएचएम कर्मचारियों का कहना है कि संविदा पदों पर काम करने वालों को नियमित किया जाए ताकि उन्हें प्रताड़ना और असमानता से बचाया जा सके। उनका आरोप है कि रेगुलर स्टाफको अधिक सुविधाएं और छुट्टियां मिलती हैं, जबकि संविदा कर्मचारियों से अधिक काम लेकर भी उन्हें समान सम्मान नहीं दिया जाता। यहां तक कि राष्ट्रीय पर्वों पर भी उन्हें सम्मानित नहीं किया जाता।

इधर, कुछ महिला कर्मचारियों ने तीज पर्व के अवसर पर हाथों में मेहंदी रचाकर हड़ताल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं, एनएचएम प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य विभाग से हड़ताल पर गए कर्मचारियों और अधिकारियों की संख्या की जानकारी मांगी है। एनएचएम कर्मचारी संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी 10 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होतीं, वे हड़ताल खत्म नहीं करेंगे। इसी कड़ी में दुर्ग जिले के कर्मचारियों ने घोषणा की है कि कल गणेश चतुर्थी के अवसर पर च्व्सद्बुद्धि यज्ञज्ञ का आयोजन किया जाएगा, ताकि सरकार को कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार करने की प्रेरणा मिल सके।

# साधारण वाद-विवाद में टंगिया मारकर हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 27 अगस्त।** ईंट भट्टा चंगोरी के मुंशी किशन लाल साहू की उसी भट्ठे में काम करने वाले तीन मजदूरों ने की हत्या। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त टंगिया, कपड़े, शराब की बोतल जप्त। एक नाबालिग सहित तीनों आरोपी गिरफ्तार भेजे गये न्यायिक रिमांड पर मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस चौकी अंजोरा थाना पुलगांव जिला-दुर्ग में 26 अगस्त को थाना दुर्ग से मृतक किशन लाल साहू ईंट भट्ठा चगोरी का गिरकर सिर में चोट लगने से उपचार दौरान मृत्यु होने से थाना दुर्ग में शून्य मर्ग पंजीबद्ध कर अग्रिम जांच कार्यवाही हेतु थाना पुलगांव को प्राप्त होने पर नंबरी पश्चात् मर्ग जांच प्रारंभ की गई। मर्ग जांच पर पाया गया कि 24 अगस्त की रात्रि की है। घटना स्थल शिवलाल चकधारी का ईंट भट्ठा लेबर क्वार्टर आफिस के पीछे ग्राम चंगोरी जिला-दुर्ग में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतक किशन लाल साहू को हांथ मुक्का एवं धारदार किसी वस्तु से सिर एवं शरीर में प्राण घातक हमला कर शरीर में गंभीर चोटे पहुंचाये जिनकी ईलाज के दौरान 25 अगस्त को सुबह शासकीय अस्पताल दुर्ग में मृत्यु होना तथा अज्ञात आरोपी के द्वारा धारा 103 बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी पता तलास दौरान घटना के समय मृतक के सांथ रहे काशीराम चौहान धनसाय साहू तथा एक विधिविरुद्ध संघर्षरत बालक से घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ किया गया। आरोपीगण द्वारा मृतक को पुरानी रंजिशवश हांथ मुक्के से मारपीट कर टंगिया से सिंर में प्राणघातक चोंट पहुंचाना स्वीकार किये। हत्या की घटना को हादसा बताने का प्रयास कर गुमराह करना बताये जाने से तीनों का पृथक-पृथक मेमोरंडम कथन लिया गया। जिसमें बताया गया कि उक्त ईंट भट्ठे में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे जो एक ही क्वार्टर में रहकर एक साथ खाते पीते थे जिसे देखकर भट्ठा के मुंशी मृतक किशन लाल साहू पूर्व में इन लोगों के रोज खाने पीने को लेकर लड़ाई झगड़ा गाली गुफ्तार किया जाना बताया गया। घटना 24 अगस्त की रात्रि ये तीनों शिवलाल ईंट भट्ठा चंगोरी अपने क्वार्टर (रूम) के बाहर बरामदे में बैठकर शराब पी रहे थे उसी समय मुंशी किशन लाल साहू द्वारा पुराने वादविवाद को लेकर झगड़ने लगा वाद-विवाद बढ़ने पर तीनों आरोपीगण मुंशी किशन लाल साहू के बार-बार के वाद-विवाद को खत्म करने के लिये उसे जान से मारने की सोंचकर आरोपी धनसाय व एक विधिविरुद्ध संघर्षरत बालक जो कि मुंगी किशन लाल साहू को हांथ मुक्के से मारपीट कर उसे पकड़े थे और आरोपी काशीराम चौहान वहीं रूम के पास रखे टंगिया से मुंशी किशन लाल साहू के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे वह वहीं गिर गया।

### कबीरधाम पुलिस और 17वीं बटालियन सीएएफ को मिले नए वाहन



■ **पुलिस अधीक्षक 17वीं वाहिनी के सेनानी ने आवंटन आदेश और चाबियाँ सौंपीं**

**कबीरधाम, 29 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से प्रदेश की पुलिस को आधुनिक और सक्षम बनाने के उद्देश्य से नए वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में कबीरधाम पुलिस को 12 नई बोलेरो गाड़ियाँ, 5 पेट्रोलिंग मोटरसाइकिलें, 2 बड़ी बसें, 1 छोटी बस और 1 यूटिलिटी वाहन प्राप्त हुए हैं। साथ ही, 17वीं बटालियन, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (छ्सब), कबीरधाम को भी 3 नई बोलेरो गाड़ियाँ प्रदान की गई हैं। आज दिनांक 26.08.2025 को नया पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं कमलेश्वर चंदेल, सेनानी 17वीं वाहिनी ने जिले के विभिन्न थानों एवं राजपत्रित अधिकारियों को वाहनों के आवंटन आदेश और चाबियाँ सौंपीं। इसी अवसर पर 17वीं बटालियन छ्सब के लिए भी वाहनों की चाबियाँ औपचारिक रूप से प्रदान की गईं। एसपी सिंह ने कहा कि इन नए वाहनों के मिलने से गश्त व्यवस्था सुदृढ़ होगी, अपराध नियंत्रण की क्षमता बढ़ेगी, आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव होगी तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पहुँच और अधिक प्रभावी होगी।

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम युवाओं के लिए प्रेरणादायी : अलका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 अगस्त।** इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के भौतिक शास्त्र विभाग के द्वारा द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय : आर्यभट्ट से गगनयान - प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएं कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अलका मेश्राम, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर कैलाश शर्मा, डॉक्टर नीता डेनियल, डॉक्टर मीनाक्षी भारद्वाज, डॉ अल्पा श्रीवास्तव, शैल शर्मा, डॉक्टर महेश कुमार अलेद, डॉक्टर सुरेश कुमार ठाकुर, डॉ अमृतेश शुक्ला क्रीड़ा अधिकारी यशवंत कुमार देशमुख, प्रयोगशाला तकनीशियन सुनीता कटरे तथा बीएससी अंतिम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भौतिक विभाग के प्रमुख डॉ संतोष कुमार अग्रवाल ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान किये। प्राचार्य डॉक्टर अलका मेश्राम ने भारत के अंतरिक्ष में बढ़ते कदम को युवाओं के लिए प्रेरणादाई बताया तथा विकसित भारत 2047 के लिए महत्वपूर्ण बताया, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर कैलाश शर्मा ने हमारे अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा तथा शुभांशु शुक्ला के विषय में जानकारी प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन छात्रा मसीरा ने किया। कार्यक्रम में पंकज, राहुल, रंजीत, मसीरा, शीतल, स्नेहा, पायल, वासु, राम आदि छात्र-छात्राओं ने भाषण तथा कविता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर अजय मनहर ने धन्यवाद प्रस्तुत किये।

एक नजर

## पोहा मुरमुरा संघ के तीसरी बार अध्यक्ष बने रंजीत दावानी



**भाटापारा, 27 अगस्त।** भाटापारा पोहा मुरमुरा संघ के चुनाव मे रंजीत दावानी लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गये इस चुनाव मे उन्होंने शानदार जीत दर्ज की उन्होने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमर छाबडिया को 78 मतो से पराजित किया सीधे संर्घष के इस चुनाव मे रंजीत दावानी को 137 मत मिले वहीं अमर छाबडिया को 59 मत मिले । रंजीत दावानी के अध्यक्ष चुने जाने उनके समर्थकों मे खुशी व हर्ष का माहौल है सरल व संर्घषशील स्वभाव के धनी रंजीत पोहा मिल संघ के अध्यक्ष का दायित्व बीते दोनो कार्यकाल मे बहुत ही अच्छे ढंग से किया वे हमेशा अपने संघ के हित मे कार्य कर पोहामिल संघ को मजबूत किया। इस चुनाव के लिए 1 बजे 5 बजे तक मतदान के तुरंत बाद मतो की गिनती कर चुनाव अधिकारी ने परिणाम की घोषणा की ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंजीत दावानी ने निर्वाचित होने के बाद चर्चा करते हुए कहा कि वे सदैव अपने संगठन के हित के लिए कार्य करते रहेगें वही संघ के लोगो ने लगातार तीसरी बार मुझपर जो विश्वास किया उस पर मै खरा उतरने का प्रयास करूंगा वहीं उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने सभी से सहयोग की अपेक्षा की।

## संवत्सरी महापर्व पर विशेष कार्यक्रम आज-कल

**रायपुर, 27 अगस्त।** जैन समुदाय का प्रमुख पर्व संवत्सरी महापर्व इस वर्ष 27 और 28 अगस्त को राजधानी स्थित लालगंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष अशोक पटवा ने बताया कि इस अवसर पर दो दिनों तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जैन धर्म में संवत्सरी महापर्व आत्मशुद्धि और क्षमा का पर्व माना जाता है। इसे पर्युषण पर्व का समापन दिवस भी कहा जाता है। इस दिन साधु-साध्वियाँ और श्रावक-श्राविकाएँ पूरे वर्ष में किए गए अपराधों, भूलों और अनुचित कर्मों के लिए क्षमा मांगते हैं। इसे जैन समाज में क्षमापना दिवस भी कहा जाता है। संवत्सरी को अंतर्राष्ट्रीय क्षमा दिवस के रूप में भी जाना जाता है।

## अग्निवीर भर्ती, शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रशिक्षण के लिए 1 तक आवेदन

**राजनांदगांव, 27 अगस्त।** भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती 2025 अंतर्गत ऑनलाईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिले के अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन माह दिसम्बर 2025 अथवा जनवरी 2026 में आयोजित होना संभावित है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थी निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 1 सितम्बर 2025 तक अग्निवीर थलसेना पंजीयन फार्म के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में अनिवार्य रूप से आवेदन जमा कर सकते है या व्हाट्सएप नंबर 7073207374 पर भेज सकते हैं।

## सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम मासुल में कलामंच से लेकर गौठान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं ग्राम टेकेहर्रा में संदीप घर से कलामंच तक सीसी सड़क निर्माण कार्य हेतु 2-2 लाख रूपए कुल 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## राष्ट्रीय युवा उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित हुए विनोद कुमार टेम्बुकर



**राजनांदगांव, 27 अगस्त।** उत्कृष्ट सामाजिक कायों के लिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला समन्वयक यूनिसेफ विनोद कुमार टेम्बुकर को जम्मू कश्मीर के जम्मू यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय युवा उत्कृष्ट पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनांदगांव जिले से जिला समन्वयक यूनिसेफ विनोद कुमार टेम्बुकर आमंत्रित रहे। उनके साथ देश के अलग-अलग 15 राज्यों के युवाओं को राष्ट्रीय संस्था लिव फॉर ओदर हेल्पफुल फाउंडेशन द्वारा मुख्य अतिथि डीजीपी जम्मू कश्मीर एसपी वैद एवं लिव फॉर ओदर हेल्पफुल फाउंडेशन के सीईओ डायरेक्टर विवेक परिहार एवं अन्य प्रमुख अतिथियों द्वारा सम्मान दिया गया।

# धमतरी व कुरूद को मल्टीपर्पज इंडोर स्पोर्ट्र्स की सौगात

### साय सरकार ने खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए दिखाई प्रतिबध्द्ता



**रायपुर, 27 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर खेल सुविधाओं में इजाफा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए सरकार सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में धमतरी और कुरूद में इंडोर बैडमिंटन हॉल / मल्टीपर्पज स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत खेल बुनियादी ढांचे का विस्तार और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में राज्य सरकार कई महत्त्वपूर्ण पहल कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन योजनाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 1 से 3 करोड़ रुपये तक की पुरस्कार राशि देने की योजना सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है। यह पहल न केवल खिलाड़ियों के मनोबल को ऊँचा करती है बल्कि आने वाली नई पीढ़ी को भी खेलों की ओर प्रेरित करती है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत मैदानों का उन्नयन, उच्च स्तरीय उपकरणों की उपलब्धता, खेल क्लबों को आर्थिक सहायता और पारंपरिक खेलों के आयोजन जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कलेक्टर धमतरी ने बताया कि जिले के धमतरी और कुरूद में इंडोर बैडमिंटन हॉल / मल्टीपर्पज स्पोर्ट्र्स हॉल के प्रोजेक्ट के लिए लगभग 5-5 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यहां खिलाड़ियों के लिए विभिन्न इनडोर खेलों की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिनमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, लूडो एवं साँप-सीढ़ी, डार्ट बोर्ड, स्नूकर, तीरंदाजी, योग कक्ष, स्क्वॉश, बास्केटबॉल, पिकलबॉल प्रमुख हैं। सबसे अहम यह है कि इन खेलों के लिए आवश्यक उपकरण और संरचनाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगी। इतना ही नहीं स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स में न केवल खेल सुविधाएं बल्कि खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रावधान किए जाएंगे। इनमें खिलाड़ियों के आराम और तैयारी के लिए प्लेयर रूम, दर्शकों और प्रतिभागियों के लिए सुव्यवस्थित स्पोर्ट्र्स हॉल वेटिंग एरिया, आकस्मिक चिकित्सा सुविधा के लिए फर्स्ट एड रूम, महिला एवं पुरुषों के लिए अलग शौचालय शामिल हैं। इन प्रावधानों से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# सीईओ ने किया पीएम आवास का निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 अगस्त।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने सोमवार को विकासखण्ड पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं सोनारदेवरी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत् हितग्राहियों का आवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रथम किश्त प्राप्त अप्रारंभ आवास को प्रारंभ करने एवं द्वितीय किश्त प्राप्त हितग्राहियों को अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही आवास हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने तथा एक पेड़ माँ के नाम से वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित किया गया । स्व सहायता समूह के सदस्यो को सेन्ट्रींग प्लेट उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत के सचिव को आवास निर्माण के तहत दिवाल लेखन अनिवार्य रूप से कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ पन्ना लाल धुर्वे, जिला समन्वयक शलैन्द्र भार्गव, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंजू भोगामी तकनीकी सहायक सहित सरपंच, सचिव, आवास मित्र, स्व सहायता समूह के सदस्य एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

# गोद ग्राम सोनपुरी में राज्यपाल का जनसंवाद

### अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर



**रायपुर, 27 अगस्त।** राज्यपाल रमेन डेका ने अपने खैरागढ़ प्रवास के दौरान अपने गोद लिए हुए ग्राम सोनपूरी का भ्रमण किया और जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब इनका लाभ अंतिम पंक्ति के हितग्राही तक पहुंचे। ग्राम सोनपूरी को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए उन्होंने सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने शासन की योजनाओं का लाभ ले चुके हितग्राहियों से फीडबैक लिया। जनसंवाद के दौरान विद्यार्थियों को कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु राजभवन से 5-5 हजार रुपए सहयोग देने की घोषणा की। इसी तरह ग्रामीणों द्वारा श्मशान घाट के रख-रखाव और बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग पर उन्होंने राजभवन से 5 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

राज्यपाल डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़कर उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इन समूहों ने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही भविष्य में बड़े बदलाव का आधार बनते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल की उप सचिव सुश्री निधि साहू, ग्राम सोनपुरी सरपंच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने जापान से दूरभाष पर ली बस्तर संभाग में बाढ़ की जानकारी

### राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी मुस्तैदी बरतने के निर्देश



**रायपुर, 27 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व सचिव एवं आपदा राहत आयुक्त श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले और बस्तर संभाग आयुक्त श्री डोमन सिंह से दूरभाष पर चर्चा कर राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति जानी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राजस्व सचिव श्रीमती कंगाले ने मुख्यमंत्री को बताया कि दंतेवाड़ा, बीजापुर और बस्तर जिले में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा, दरभा और तोकापाल विकासखंडों में प्रशासन लगातार राहत कार्य संचालित कर रहा है। लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम मांदर से 21 ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला गया है। वहीं, लोहंडीगुड़ा क्षेत्र में हेलीकॉप्टर और नाव की सहायता से ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया। बीते 24 घंटों में 68 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसडीआरएफको हाई अलर्ट पर रखा जाए और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने संभाग के सभी कलेक्टरों को निचले इलाकों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क करने और सुरक्षित स्थानों पर शीघ्र पहुँचाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राहत कार्यों में जुटे प्रशासनिक अमले, एसडीआरएफ और पुलिस बल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार आम जनता की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैंने प्रशासनिक अधिकारियों और एसडीआरएफ को हाई अलर्ट पर रहने और आवश्यकता अनुरूप प्रभावितों को सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

## शासकीय ओपन यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए 31 तक आवेदन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ की शासकीय एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर है। युवा जो बारहवीं पढ़ाई के बाद नियमित कॉलेज नहीं जा सकते। ससुराल, निजी या सरकारी नौकरी के व्यस्त जिंदगी में अपनी अधूरी पढ़ाई को पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर के माध्यम से पूरा कर सकते हैं, जिनके विभिन्न कोर्स में एडमिशन के लिए 31 अगस्त 2025 तक आवेदन आमंत्रित हैं। शासकीय कर्मी विभाग से अनुमति लेकर पढ़ सकते हैं। सभी सरकारी विभाग द्वारा सामान्य रूप से सभी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति अनिवार्य रूप से दी जाती है।विश्वविद्यालय ने निर्देश दिए हैं कि जिन विद्यार्थियों के प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए गए हैं, वे भी अगली कक्षा में प्रवेश के लिए फॉर्म भरें।

# अवैध शिकार मामले में एक गिरफ्तार, 12 फरार



**बलौदाबाजार, 27 अगस्त।** वन्यजीवों की सुरक्षा और अवैध शिकार पर अंकुश लगाने की दिशा में बलौदाबाजार वनमण्डल द्वारा महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है।

सिमगा परिक्षेत्र अंतर्गत कचलोन बीट में प्राप्त सूचना के आधार पर की गई कार्यवाही में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 12 आरोपी फरार हैं जिनकी पतासाजी की जा रही है। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार उप वनमण्डलाधिकारी निश्चल शुक्ला तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी बसंत खांडेकर के नेतृत्व में जांच की गई। जांच के दौरान आरोपी से जंगली सुवर का मांस, कत्तल, हंसिया, जंगली सुवर की अंतड़ी, जी.आई. तार, इलेक्ट्रिक वायर एवं खूंटियां बरामद की गईं।

आरोपीगण संगठित रूप से अवैध शिकार गतिविधियों में संलिप्त थे। इस प्रकरण में अभियुक्त परमानंद निषाद पिता समेलाल निषाद, उम्र 40 वर्ष, निवासी कचलोन को गिरफ्तार किया गया है। अन्य 12 आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। सभी के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं संशोधन अधिनियम 2022 की धारा 9, 39, 44, 49(ख), 50(स) एवं 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण क्रमांक 1966/13 दिनांक 25/08/2025 कायम किया गया है। कार्रवाई के दौरान प्रशिक्षु वनपरिक्षेत्र अधिकारी अनिरुद्ध कश्यप, उप वनक्षेत्रपाल सरिता एक्का, वनरक्षक रजनीश वर्मा, मनबोधन टंडन, वनपाल संतराम कुंद्रे, वनरक्षक राकेश ध्रुव, गोविंद सिंह पटले, वन चौकीदार कचलोन इमेश्वर शर्मा एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक मौजूद थे ।

# अपेक्षाओं के साथ कम होता है क्रोध : मनीष सागरजी महाराज



**रायपुर, 27 अगस्त।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में पर्यूषण पर्व के सातवें दिन मंगलवार को धर्मसभा में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने सीख दी कि जब हमारी अपेक्षाएं कम होती हैं, तो स्वाभाविक रूप से क्रोध और निराशा का भाव भी कम हो जाता है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन में सजगता के साथ-साथ सहजता का होना अत्यंत आवश्यक है। हमें सभी को देने की भावना रखनी चाहिए, लेकिन किसी से कुछ लेने की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमें सभी की सेवा करने का प्रयास करना चाहिए। हमें बड़ों को समझाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। बड़ों के अनुभवों और ज्ञान से समझने की कोशिश करनी चाहिए। बड़ों को समझाने का प्रयास करना उनके प्रति असम्मान का प्रतीक है। ये बड़ों के अनुभव की अनदेखी करने जैसा भी है। जब हम बड़ों से समझते हैं, तो उनके जीवन के अनुभव हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जो होना है वही होगा, यह सिद्धांत एक हद तक सही है। सर्वदा हम इसी को मान लें, यह उचित नहीं है। अपने मोह का पोषण कर इसे हमेशा उचित नहीं मान सकते। परमात्मा ने कहा है कि पुरुषार्थ को मुख्य करो। जहां गलत पुरुषार्थ कर रहे मानो मैं गलती कर रहा हूं। ऐसा मत मानो जो होना है वह होगा ही। सिद्धांतों को एकांत से नहीं मानना चाहिए।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि परमात्मा ने साधना पुण्य कमाने के लिए नहीं की। अपने कर्मों का क्षय करने के लिए परमात्मा ने साधना की। यदि कर्मों का क्षय करने की साधना होगी तो पुण्य का संचय अपने आप ही हो जाता है। जो आत्मा पूर्व भव में स्वार्थ से ऊपर उठकर आत्म कल्याण की साधना करती है।

# चाकू व धारदार हथियार रखने वाले 15 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 27 अगस्त।** साइबर सेल की टेक्निकल टीम के माध्यम से चाकू एवं धारदार हथियार अपने पास रखने वाले एवं उसके साथ अपना फोटो सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम में अपलोड करने वाले आरोपियों की भी पहचान लगातार की जा रही है, जिसके तहत माह अगस्त-2025 में अब तक चाकूबाजी तथा अपने पास धारदार चाकू एवं अन्य हथियार रखने वाले कुल 07 प्रकरणों में 06 अपचारी बालकों सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही इन सभी आरोपियों से 08 नग धारदार चाकू, तलवार एवं अन्य धारदार हथियार जप्त किया गया है। पुलिस द्वारा चाकू, तलवार एवं अन्य धारदार हथियार रखने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है।

# केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की समीक्षा बैठक में शामिल हुए अरुण साव



**रायपुर, 27 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव आज केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली से वर्चुअली आयोजित बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के कार्यों की राज्यवार समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव नवा रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., संचालक श्री आर. एक्का और राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्डा) के सीईओ श्री शशांक पाण्डेय के साथ बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने बैठक में शहरी स्वच्छता के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में लक्षित स्वच्छता इकाईयों के चिन्हांकन एवं निराकरण को वर्षभर की गतिविधि के रूप में लागू करने तथा इस साल (2025) के 'स्वच्छता ही सेवा' (स्हास) अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में स्वच्छ शहर जोड़ी के संचालनात्मक दिशा-निर्देशों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

# निर्माणाधीन आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण

### राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे संग्रहालय का उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 27 अगस्त।** आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, परिसर में निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि संग्रहालय निर्माण का कार्य लगभग पूर्णतः की ओर है। अंतिम फिनिशिंग एवं रंग रोगन का कार्य चल रहा हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वंत्रंता संग्राम सेनानियों पर बन रहे इस जीवंत संग्रहलय का उदघाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर किया जाना प्रस्तावित है।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने इसकी तैयारी के लिए निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों की बैठक ली एवम आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संग्रहालय के निर्माण कार्य में लगने वाली प्रत्येक सामग्री उच्च गुणवत्तायुक्त एवं सभी मानकों पर खरी उतरनी चाहिए। साथ ही संग्रहालय के निर्माण में किसी भी प्रकार की कोई वित्तीय अनियमितता ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चैरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष (1923, 1920) एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह संग्रहालय सभी वर्ग के लोगों के लिए एक आकर्षण का केन्द्र एवं प्रेरणास्त्रोत के रूप में बनकर उभरेगा। उल्लेखनीय है संग्रहालय निर्माण का कार्य आगामी माह के 30 सितंबर तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि संग्रहालय के फर्श पर भी ट्राईबल कलाकारों की आर्ट्स को अंकित किए जाने के निर्देश दिए गए। म्यूजियम में अन्य मूर्तियों के साथ-साथ भगवान बिरसा मुंडा एवं रानी गाइडल्यू की मूर्ति लगाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में डिजिटाइजेशन का कार्य तय समय पर पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने संग्रहालय में खुलने वाली सोवेनियर शॉप को गढ़ कलेवा अथवा ट्रायफेड या अन्य किसी प्रतिष्ठित संस्था को ट्राईबल उत्पाद के अनिवार्य रूप से विक्रय किए जाने की शर्त के साथ दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त डॉक्टर सारांश मित्तर, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी निगम के संचालक श्री जगदीश कुमार सोनकर, संचालक टीआरटीआई श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, संयुक्त सचिव श्री बी.के. राजपूत, अपर संचालक श्री जितेन्द्र गुप्ता, उपायुक्त श्रीमती गायत्री नेताम, कार्यपालन यंत्री श्री त्रिदीप चकवर्ती सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार, क्यूरेटर, इंजीनियर्स एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### सब तेल का खेल है

राजनीति हो विश्व राजनीति हो, कोई भी फैसला होता है तो उसमें अपना हित, अपने देश का हित देखा जाता है। जो जितना बड़ा दल होता है या जितना बड़ा देश होता है, वह चाहता है कि छोटे दल या छोटे देश उसका कहना माने ताकि उसे राजनीतिक फायदा है। अमरीका का टैरिफ वार भी अपने आर्थिक हित के लिए है। अमरीका के राष्ट्रपति अपने देश को महान बनाना चाहते है, चुनाव में वादा किया है इसलिए ऐसा कुछ करते हुए दिखना जरूरी भी है। अमरीका हथियार बनाने वाला बड़ा देश है, साथ ही वह तेल उत्पादन करने वाला बड़ा देश है, जिस तरह वह चाहता है कि उसके हथियार विश्व के ज्यादातर देश खरीदें, उसी तरह वह चाहता है कि उसका तेल ही दुनिया के ज्यादातर देश खरीदें इसलिए वह जो भी देश अमरीका के अलावा दूसरे देशों से तेल खरीदते हैं। अमरीका उनको टैरिफ लगाकर डराता है कि तुम रूस, ईरान से वेनजुएला से तेल खरीदोगे तो तुम पर अमरीका ज्यादा टैक्स लगाएगा। भारत रूस से तेल खरीदता है तो अमरीका चाहता है कि भारत रूस की जगह अमरीका से तेल खरीदे। भारत ने ऐसा करने से मना कर दिया तो अमरीकी राष्ट्रपति ने भारत पर पहले के कुछ सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया उसके बाद 27 अगस्त से और 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। बाजार में जैसे होता है कि अपनी दुकान चलाने के लिए बड़ा व्यापारी छोटी दुकानों के बंद कराने का प्रयास करता है, वैसा ही दुनिया में अमरीका अपना तेल बेचने के लिए दूसरे देशों से तेल खरीदने पर रोक लगाने का प्रयास कर रहा है लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो रहा है। चीन रूस से भारत से ज्यादा तेल खरीदता है लेकिन वह चीन को डरा नहीं पा रहा है, लेकिन भारत को डराने व दबाने का प्रयास कर रहा है। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के सामने झुकने व दबने से मना कर दिया है। साफ कह दिया है कि ट्रंप के लिए अमरीका का हित मायने रखता है तो मोदी के लिए भारत का हित मायने रखता है। माना जा रहा है कि ट्रंप ने कई बार मोदी को फोन लगाया है लेकिन मोदी ने ट्रंप का फोन नहीं उठाकर बता दिया है कि वह उनकी भारत विरोधी नीतियों से नाराज हैं और वही करेंगे जो देश हित में होगा।

## राशिफल

मेष आज आपके मन में आपसी समानता की भावना बनी रहेगी और जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको किसी पानी वाली जगह जाने से बचना होगा। आपकी संतान की सेहत में गिरावट आने से आपको टेंशन रहेगी। खर्च भी अधिक होगा, लेकिन आप अपनी जिम्मेदारी समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है।

वृषभ आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को मात देने की कोशिश में कामयाब रहेंगे और परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप परेशान रहेंगे। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा और आप अपनी जरूरत की चीजों की खरीदारी करें, तो बेहतर रहेगा। आप भविष्य को लेकर कुछ धन संचय करने के बारे में सोचे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करके चलेंगे, जिससे उनके सहयोगी भी काफी खुश रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों के मन में कुछ आईडिया आएंगे। आपको किसी दूर के परिजन की याद सता सकती है। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है, इसलिए आप थोड़ा सतर्क रहे। किसी बैंक से संबंधित काम को लेकर आप किसी अधिकारी से बातचीत कर सकते हैं।

कर्क आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मकान, वाहन आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को भी लेकर आने की सोचेंगे। आपके पास पड़ोस में यदि कोई वाद विवाद उत्पन्न, हो तो आप उसमें चुप लगाएं। आपकी संतान नौकरी के लिए कहीं बाहर जा सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा और आपके लंबे समय से रुके हुए काम भी पूरे होंगे।

सिंह आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को अच्छा अवसर हाथ लगेगा और दिन की शुरुआत आपके लिए बेहतर रहेगी, क्योंकि आप कहीं बिजनेस के डिल को लेकर जा सकते हैं। किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचना होगा और आपके परिवार में किसी सदस्य से आपकी कहा सुनी हो, तो आप उसमें चुप लगाएं, नहीं तो वाद विवाद बढ़ेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी दान पुण्य के कामों में काफी रुचि रहेगी। आपको अपनी सेहत में यदि कुछ उतार-चढ़ाव लग रहा है, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लें। आप अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आपको किसी बात को लेकर यदि मन में संशय चल रहा है, तो उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़े। आपको सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर अच्छा नाम कमाने का मौका मिलेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाएंगे और आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो वह भी दूर हो सकती हैं। आप शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करें।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है, क्योंकि आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। आपको भाग दौड़ भी अधिक रहेगी। संतान को आप कोई गिफ्ट दे सकते हैं। किसी नए घर, मकान आदि को खरीदने का सपना पूरा होगा। आपको अपने खर्चों को लेकर सिर दर्द बना रहेगा। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। भाई व बहनों से आपकी खूब पटेगी।

धनु आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आपके पिताजी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। आपको आसपास रह रहे विरोधियों की चाल को समझना होगा।

मकर आज का दिन आपके लिए कोर्ट कचहरी से संबंधित मामलों में बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में आप नवीनता ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान-पुण्य के कार्यों में भी लगाएंगे। राजनीति की ओर में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, उन्हें किसी नए पद की प्राप्ति होगी। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चलेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके कामों में यदि कुछ अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी और आपका काम पहले से बेहतर चलेगा। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान थे, उन्हें भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। संतान को आप कोई कोचिंग आदि ज्वाइन करा सकते हैं, जिससे वह सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

मीन आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कोई चोट चपेट आदि लगने की संभावना है, इसलिए आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें और किसी दूसरे के मामले में आप बेवजह ना बोले। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाए, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपने स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को नजर अंदाज न करें। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। व्यापार में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

# गणेश हैं विघ्नहर्ता-मंगलकर्ता एवं जीवंत राष्ट्रीयता के प्रतीक

**ललित गर्ग**



भारतीय संस्कृति और धर्मजगत में गणेशजी का स्थान अद्वितीय है। वे विघ्नहर्ता, बुद्धिदाता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निर्माता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत उनके पूजन के बिना अधूरी मानी जाती है। उनके स्वरूप में ही गहन प्रतीकात्मकता निहित है, हाथी का विशाल मस्तक विवेक और दूरदर्शिता का प्रतीक है, छोटा मुख संयमित वाणी का द्योतक है, बड़े कान अधिक सुनने और कम बोलने की शिक्षा देते हैं, छोटा नेत्र गहराई से देखने की प्रेरणा देता है और विशाल उदर सहिष्णुता व समावेशिता का बोध कराता है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है।

भारतीय धर्म-दर्शन में गणेश जी 'आरंभ के देवता' हैं। वैदिक परंपरा से लेकर पुराणों और लोककथाओं तक, वे हर युग में 'मार्गदर्शक' बने रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें 'सर्वोपास्य' देवता कहा गया, सभी पंथों, संप्रदायों और वर्गों के लोग उनके पूजन में समान रूप से भाग लेते हैं। गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। जैन एवं बौद्ध धर्मों में भी गणेश पूजा का विधान है। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। गणेश जी का पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का माध्यम भी है। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप दिया। इससे गणेश चतुर्थी केवल पारिवारिक पर्व न रहकर जनजागरण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गई। तिलक ने इसे सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना के मंच के रूप में स्थापित किया, जिसने भारत को स्वतंत्रता संग्राम के लिए एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है। आज के समय में जब समाज विभिन्न मत-मतांतरों, भाषाओं और



संस्कृतियों में बंटा दिखाई देता है, तब गणेशजी पुनः राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बनकर सामने आते हैं। उनका स्वरूप हमें विविधता में एकता, सहिष्णुता, धैर्य और विवेकपूर्ण निर्णय की प्रेरणा देता है। गणेश जी हमें बताते हैं कि बुद्धि और करुणा का समन्वय ही प्रगति का मार्ग है। आज जब विश्व हिंसा, कट्टरता और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब गणेश चतुर्थी का पर्व हमें समन्वय और सहयोग का संदेश देता है। वे केवल धार्मिक आस्था के देवता ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक और राष्ट्रीय एकता के जीवंत प्रतीक हैं। हिन्दुओं में गणेशजी के जन्म के विषय में अलग-अलग कथाएँ प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार स्वयं शिव ने पंच तत्त्वों को मिला कर गणेश का निर्माण बहुत तन्मयता से किया। जिससे वे अत्यंत सुन्दर और आकर्षक बने तो देवताओं में खलबली मच गयी, स्थिति को भांप कर शिव ने गणेश के पेट का आकार बढ़ा दिया और सिर को गजानन की आकृति का कर दिया ताकि उनके सौन्दर्य और आकर्षण को कम किया जा सके। शिव पुराण के अनुसार एक बार पार्वती ने अपने उबटन के मैल से एक पुतला बनाया और उसमें जीवन डाल दिया। इसके उपरांत उन्होंने इस जीवधारी पुतले को द्वार पर प्रहरी के रूप में बैठा दिया और उसे आदेश दिया कि वह किसी भी व्यक्ति को अंदर न आने दे। इसके बाद वे स्नान करने लग गई। संयोगवश कुछ ही समय बाद शिव उधर आ निकले। उनसे सर्वथा अपरिचित गणेश ने शिव को भी अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शिव अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का मस्तक काट दिया। पार्वती ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुईं। तब पार्वती को प्रसन्न करने के लिए शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर गणेश के धड़ से लगाकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। तभी से गणेश, गजानन कहलाए। लेकिन बालक की आकृति से पार्वती बहुत दुखी हुई तो सभी देवताओं ने उन्हें आशीर्वाद और अतुलनीय उपहार भेंट किए, उन्हें प्रथम देव के रूप में सभी अधिकार प्रदत्त किये। इंद्र ने अंकुश, वरुण ने पाश, ब्रह्मा ने अमरत्व, लक्ष्मी ने ऋद्धि-सिद्धि और सरस्वती ने समस्त विद्याएँ प्रदान कर उन्हें देवताओं में सर्वोपरि बना दिया। ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है। गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है। इसलिए गणेश चतुर्थी मनाना केवल धार्मिक परंपरा का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करने का संकल्प है।

# 'पशु प्रेमियों' के देश में वृद्ध जनों की दुर्दशा

**निर्मल रानी**



इन दिनों भारत में सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आवारा कुत्तों को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। वैसे तो आवारा कुत्तों के पक्ष में और इसके ख़िलाफ़ भारतीय समाज पहले से ही विभाजित है। परन्तु इस विषय को लेकर ताज़ातरीन बहस की शुरुआत उस समय हुई जब माननीय सर्वोच्च न्यायलय ने गत 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर अर्थात दिल्ली, ग़ाज़ियाबाद , नोएडा, फ़रीदाबाद, गुरुग्राम में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतः संज्ञान लेते हुये दिल्ली नगर निगम व अन्य नगर निकायों को निर्देश दिया था कि वे 8 सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को पकड़ें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम्स या पाउंड्स में रखें। अपने इस आदेश में सर्वोच्च न्यायलय ने कुत्तों को वापस सड़कों पर छोड़ने पर भी रोक लगाई थी । चूँकि कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही थी ख़ासकर बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमलों की शिकायतें बढ़ती जा रही थीं और इस संबंध में केवल दिल्ली में ही हज़ारों मामले दर्ज हो चुके थे और रेबीज़ से होने वाली मौतें में भी वृद्धि होती जा रही थी इसी के मद्देनज़र सर्वोच्च न्यायलय द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुये यह आदेश दिए गये थे। अपने आदेश में न्यायलय ने कहा था आर्टिकल 21 के तहत जीवन का अधिकार व नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसी के साथ अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि आवारा कुत्तों के लिये शेल्टर होम्स बनाए जाएँ व कुत्तों को पकड़ने के लिए संसाधन भी जुटाये जायें। यहाँ तक कि इस अदालती निर्देश में बाधा डालने वाले पशु प्रेमियों व ग़ैर सरकारी संगठनों को दण्डित करने का भी निर्देश दिया गया था। परन्तु इस जनहितकारी अदालती आदेश के बाद तो देश के 'कुत्ता प्रेमियों' में कोहराम मच गया। मानव सुरक्षा को दरकिनार कर 'कुत्ता प्रेमियों' द्वारा तर्क दिया जाने लगा कि शेल्टर होम्स में कुत्ते असुरक्षित रहेंगे। क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते लाखों कुत्तों को शेल्टर में रखना अव्यावहारिक है। इससे लाखों कुत्तों को क़ैद करने और संभावित रूप से मारने का ख़तरा बढ़ेगा। इसे एनिमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) रूल्स, 2023 का उल्लंघन बताया जाने लगा। पशु प्रेमियों द्वारा इस अदालती आदेश को "बहुत कठोर"



बताया जाने लगा। जगह जगह धरने प्रदर्शन शुरू हो गये। कुत्ता प्रेमी अदालती आदेश की अवहेलना करने पर आमादा दिखाई देने लगे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर 22 अगस्त 2025 को एक संशोधित आदेश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 11 अगस्त 2025 के मूल आदेश में बदलाव करते हुये नये निर्देश जारी किये। इन संशोधित निर्देशों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया कि कुत्तों को पकड़ना जारी रखें, लेकिन उन्हें स्टरलाइज़ (नसबंदी), डीवार्म (कीड़े निकालना) तथा वैक्सीनेट (टीका लगाना) करें।ग़ैर -आक्रामक (नॉन-एग्रेसिव) और गैर-संक्रमित (रेबीज़ मुक्त) कुत्तों को उसी इलाक़े में वापस छोड़ें। केवल रेबीज़ संक्रमित या आक्रामक कुत्तों को ही अलग शेल्टर में रखें। जबकि सड़कों पर खाना खिलाना प्रतिबंधित क़रार दिया गया। अदालत ने प्रत्येक वार्ड में समर्पित फ़ीडिंग स्पॉट बनाने व नोटिस बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया। यह भी निर्देशित किया गया कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद ले सकते हैं, लेकिन उन्हें सड़क पर नहीं छोड़ सकते। इन निर्देशों में बाधा डालने वाले कथित 'पशु प्रेमियों' पर व्यक्तिगत तौर पर 25,000 तथा ग़ैर सरकारी संगठनों पर 2,00,000 रूपये जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। जुर्माने से वसूली गई यह धनराशि शेल्टर होम बनाने में इस्तेमाल होगी। यह संशोधित आदेश पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और ABC रूल्स, 2023 पर आधारित है, जो पशुओं को मारने के बजाय स्टरलाइज़ेशन और वैक्सीनेशन पर ज़ोर देता हैं। परन्तु समाज के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि नागरिक सुरक्षा और पशु कल्याण के मध्य संतुलन कैसे बिठाया जाये। पशु प्रेमी होने में कोई बुराई नहीं। परन्तु क्या पशु प्रेम विशेषकर 'कुत्ता प्रेम' को मानव प्रेम पर तरजीह दी जा सकती है ? देश में रोज़ाना कुत्ते के काटने से सैकड़ों लोग बुरी तरह घायल होते हैं। अनेक की मौत हो जाती है। इनहीं कुत्तों की वजह से अनेक दुर्घटनायें होती हैं। स्कूल जाते बच्चों पर व असहाय बुज़ुर्गों पर आवारा कुत्ते घातक हमले कर देते हैं। उस समय इन कुत्तों से प्यार करने वाला कोई भी पशु प्रेमी सामने नहीं आता।

उल्टे कई बार तो पीड़ित राहगीरों पर ही यह दोष मढ़ दिया जाता है कि वह उधर से गुज़रा ही क्यों ? या फिर पहले उसने कुत्ते को छेड़ा होगा आदि आदि। हद तो यह है कि कई बार यही कुत्ते अपने 'कुत्ता प्रेमी ' को ही काट लेते हैं। निश्चित रूप से कुत्तों को दोष इसलिए नहीं दिया जा सकता कि उनकी प्रवृति ही हिंसक है। इसलिये कुत्तों के काटने भोंकने या उनके पीछे दौड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि कुत्तों की वफ़ादारी से भी इंकार नहीं किया जा सकता। कुत्तों को तो मनुष्य से भी अधिक वफ़ादार माना जाता है। परन्तु उनकी हिंसक प्रवृत्ति को नकारना और कुत्ता प्रेम की शर्त पर मानव सुरक्षा से समझौता करना भी तर्कसंगत नहीं। इसी संदर्भ में एक बात और भी ध्यान देने योग्य है कि जिस तरह सर्वोच्च न्यायलय के गत 11 अगस्त के आदेश के बाद देश के कुत्ता प्रेमी सड़कों पर उतर आये और अपने पशु प्रेमी होने का प्रदर्शन करने लगे यहाँ तक कि कई कुत्ता प्रेमी तो अदालती आदेश को लेकर रोते पीटते भी दिखाई दिये वास्तव में यदि इसी स्तर पर समग्र भारतीय समाज में मानव प्रेम की भावना होती तो शायद आज देश में कहीं भी वृद्धाश्रम की ज़रुरत न होती। वृंदावन में लाखों विधवाएं अपने भाग्य पर आंसू न बहा रही होतीं। अयोध्या,मथुरा व काशी जैसे अनेक धर्म स्थान बुज़ुर्ग व असहाय भिखारियों से भरे न होते। देश के स्टेशन व फ़ुट पाथ पर बड़ी संख्या में निराश्रित लोग नज़र न आते। यानी 'पशु प्रेमियों' के इस देश में कम से कम वृद्ध जनों की ऐसी दुर्दशा देखने को तो न मिलती?

## सिंपल और क्लासी लुक पाने के लिए जींस के साथ कैरी करें रैप टॉप, दिखेंगी सबसे सुंदर

ऑफिस और आउटिंग के समय जींस पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। क्योंकि यह आपको इसमें कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाते हैं। लेकिन अगर आप जींस में अपने लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो आप रैप टॉप स्टाइल कर सकती हैं। ऑफिस और आउटिंग के समय जींस पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। क्योंकि यह आपको इसमें कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाते हैं। लेकिन अगर आप जींस में अपने लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो आप रैप टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले रैप टॉप दिखाने जा रहे हैं, साथ ही उनको स्टाइल करने के टिप्स भी बताएंगे। यह टॉप जींस के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और आप इनको ऑफिस या फिर आउटिंग के दौरान पहन सकती हैं। लूज या ब्लैक कलर की बैगी स्टाइल वाली जींस के साथ आप ज्योमेट्रिक प्रिंट रैप टॉप कैरी कर सकती हैं। यह टॉप बाहर जाने के दौरान पहन सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह के टॉप आपको आसानी से ऑनलाइन मिल जाएंगे। वहीं आप चाहें तो 400 रुपए के आसपास ऑफलाइन खरीद सकती हैं।



**एब्सट्रैक्ट प्रिंट रैप स्टाइल टॉप**-अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं तो एब्सट्रैक्ट प्रिंट रैप स्टाइल टॉप को कैरी कर सकती हैं। आप लाइट कलर की जींस के साथ यह टॉप कैरी कर सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी खूबसूरत नजर आएगा। यह टॉप आपको मार्केट के अलावा ऑनलाइन भी मिल जाएगा। इस टॉप की कीमत 300-400 रुपए में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**प्रिंटेड रैप स्टाइल टॉप**-अगर आप ऑफिस में स्टाइलिश लुक पाना चाहते हैं, तो आप प्रिंटेड रैप स्टाइल टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह टॉप कॉलर डिजाइन में है और रैप स्टाइल में आता है। इस टॉप में आपका लाइट और डार्क दोनों कलर की जींस के साथ परफेक्ट लगेगी। इसमें आपका लुक बेहद प्यारा और खूबसूरत लगेगा।

**कॉटन रैप स्टाइल टॉप**-सिंपल और सोबर लुक पाने के लिए आप कॉटन रैप स्टाइल टॉप वियर कर सकती हैं। यह टॉप कॉटन फैब्रिक में है और आप सिंपल लुक पाने के लिए जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगहों पर आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के टॉप आपको 400-600 रुपए की कीमत में खरीद सकती हैं।

## सू-दोकू-152

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.151का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## एक नजर

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीनीकरण और नवीन आवेदन 31 तक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अंतर्गत शासकीय संस्थाओं तथा अशासकीय संस्थाओं को नवीन आवेदन और नवीनीकरण का आवेदन 31 अगस्त तक जमा किया जाना है, जिसका संभावित भुगतान तिथि 10 सितम्बर 2025 निर्धारित है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में ऑनलाईन आवेदन किया जाता है।

### कलेक्टर ने मृतकों के वारिसों को दी 8 लाख की सहायता

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 27 अगस्त।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने प्राकृतिक आपदा से जनहानि के 2 प्रकरण में मृतकों के वारिसों को कुल 8 लाख रुपए का आर्थिक सहायता प्रदान किया है। कार्यालय कलेक्टर द्वारा सारंगढ़ तहसील के ग्राम कोसीर की साधमती चंद्रा की पानी में डूबकर मृत्यु होने पर उनके पुत्र रामकुमार चंद्रा को संयुक्त रूप से 4 लाख रुपए स्वीकृत किया है। इसी प्रकार सांप के काटने पर ग्राम परसदा बड़े के मनुजराम पटेल की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सावित्री पटेल को संयुक्त रूप से 4 लाख रुपए स्वीकृत किया है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित तीन परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील दरभा ग्राम चितापुर निवासी सुकमती की सांप काटने से पति रामू को, तहसील दरभा ग्राम कोलेंग निवासी दशरू नागेश की मृत्यु सांप काटने से पत्नी हिरेयो नागेश को तथा तहसील दरभा ग्राम तोयनार निवासी बुधराम मड़कामी की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि मासे मड़कामी प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में सीधे अंतरित किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### कोल इंडिया ने ठेका श्रमिकों के लिए शुरू की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

**कोरबा , 27 अगस्त।** कोल इंडिया ने अपनी सहायक कंपनियों, बीसीसीएल और ईसीएल में कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य ठेका श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाना और उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजनाओं के विवरण- वेतन भुगतान- ठेका श्रमिकों का वेतन अब कॉर्पोरेट सैलरी अकाउंट के जरिए बैंकों में जमा होगा। शिक्षा- ठेका श्रमिकों के बच्चों को कंपनी के वित्त पोषित स्कूलों में रियायती ट्यूशन फीस का लाभ मिलेगा। आइटीआई, एनआईटी, सरकारी मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलीटेक्निक में पढ़ने वाले बच्चों को ट्यूशन फीस में 50 फीसदी सहायता दी जाएगी। बीमा- श्रमिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और भारतीय डाक दुर्घटना बीमा योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

# विष्णु के सुशासन में ग्रामीणों की समस्याओं का हो रहा त्वरित निराकरण

## सुशासन एक्सप्रेस से घर-घर मिल रहा शासन की सेवाओं का लाभ





**रायपुर, 27 अगस्त।** रायपुर जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश में आम जनता को शासन की योजनाओं और सेवाओं को घर के समीप पहुंचाने की दिशा में सुशासन एक्सप्रेस नाम से एक अभिनव और अनुकरणीय पहल शुरू की गई है, जो जनसमस्याओं के त्वरित निदान मॉडल के रूप में स्थापित हुई है। इसका शुभारंभ 29 मई को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तहत ग्राम भैंसा में आयोजित समाधान शिविर में किया था। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई इस पहल के माध्यम से हजारों ग्रामीणों को शासन की दो दर्जन से अधिक सेवाओं का लाभ सहजता से मिलने लगा है।

ग्राम पंचायत संकरी के युवा श्री उत्तम साहू के लिए खुशी का क्षण था जब घर बैठे ही उन्हें लर्निंग लाइसेंस मिल गई, जो उनके गांव में आए सुशासन रथ से मिली। उत्तम कहते हैं कि उनके घर में अन्य सदस्यों ने लाइसेंस बनाया तो गांव के बाहर जाना पड़ा था और समय भी लगा था, अब कुछ दिन पहले गांव में कोटवार ने हांका लगाया तो सुशासन रथ आने की जानकारी मिली। मैंने वहां जा कर आवेदन किया। प्रक्रिया पूरी हुई और मुझे लाइसेंस मिल गया। सांकरा के रहने वाले श्री राजेश कुमार यादव भी बड़े प्रफुल्लित हैं कि उनका राशन कार्ड बन गया, इसके लिए बार-बार पंचायत कार्यालय में जाना नहीं पड़ा उन्होंने सुशासन रथ में आवेदन दिया, प्रक्रिया पूरी होने के बाद राशन कार्ड बन गया। उत्तम और राजेश मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहते हैं कि अब जिला प्रशासन रायपुर द्वारा उनके घर के समीप ही शासकीय सेवाएं मिल रही हैं जिसके लिए उन्हें अलग से समय निकाल कर जाना पड़ता था, कई बार कागजात अपूर्ण होने पर दुबारा भी जाना पड़ता था।

सुशासन एक्सप्रेस के माध्यम से अब तक कुल 75,864 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 67,788 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा चुका है। शेष लंबित आवेदनों की कार्यवाही भी प्राथमिकता से की जा रही है। सुशासन एक्सप्रेस के माध्यम से अब तक जरूरतमंद 15,741 आवेदकों को आय प्रमाण पत्र, 5741 को जाति प्रमाण पत्र, 4273 को निवास प्रमाण पत्र, 7536 को आयुष्मान भारत कार्ड, 6014 को राशन कार्ड, 8269 को ड्राइविंग लाइसेंस, 1306 को किसान क्रेडिट कार्ड, 2051 को नरेगा जॉब कार्ड, 577 को जन्म प्रमाण पत्र, 50 को मृत्यु प्रमाण पत्र, 4093 श्रमिकों को श्रम कार्ड, 5070 लोगों को आधार कार्ड, 883 को किसान किताब, 814 पात्र आवेदकों को पेंशन, 1346 एचएसआरपी का लाभ देने के साथ ही महिला एवं बाल विकास, पुलिस, आवास सहित अन्य योजनाओं से भी बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

# पत्नीहंता को दस वर्ष का कारावास

**जगदलपुर, 27 अगस्त।** पत्नी की हत्या के आरोपी पति तुलाराम को जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगडे ने दस साल की सजा सुनायी है, साथ ही अदालत ने दोषी पर 100 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में उसे एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। अदालत ने धारा 302 के स्थान पर आरोपी को धारा 304 (भाग-2) भादवि के तहत दोषी मानते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

शासन की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक ने बताया कि घटना बडांजी थाना क्षेत्र की है। आरोपी तुलाराम बघेल पिता-लुदरू बघेल, निवासी- ग्राम-घाटधनोरा बाजारपारा के विरुद्ध थाना-बडांजी जिला बस्तर में धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में मामला दाखिल किया गया था, घटना 29 अप्रैल 2023 की है।

मृतिका पदमा बघेल आरोपी की पत्नी अपने रिश्तेदारों के यहां दो दिनों से शादी में गई थी वहां से अत्यधिक शराब के नशे में अपने घर आई और अपने पति तुलाराम से खाना नहीं बनाने की बात को लेकर विवाद करने लगी, जिससे नाराज होकर पास पड़े लकड़ी के मुसर एवं बांस की छड़ी से अपनी पत्नी को मारा था जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी।

**कोर्ट ने हत्या नहीं, गैरइरादतन हत्या माना**

सुनवाई के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने पाया कि मृतका पदमा बघेल द्वारा अपने पति के लिए खाना बनाने से इंकार करने एवं अत्यधिक शराब के नशे में घर आने से आरोपी द्वारा तीव्र आवेश में विवाद की स्थिति में घटना अचानक हुई, इसलिए पूर्व नियोजित हत्या का आशय साबित नहीं हुआ। अदालत ने धारा 302 के स्थान पर आरोपी को धारा 304 (भाग-2) भादवि के तहत दोषी मानते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास और 100 जुर्माने की सजा सुनाई एवं जुर्माना की राशि न पटाने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

# ऑनलाइन ठगी के मामले में महिला गिरफ्तार

## फेरीवाले को कमीशन पर दिया था बैंक खाता



**कुम्हारी, 27 अगस्त।** कुम्हारी थाना पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी निशा बेहरा, निवासी डीएमसी तालाब पार कुम्हारी, पर आरोप है कि उसने जानबूझकर अपने एसबीआई बैंक खाता को 10,000 रुपये के कमीशन पर एक फेरीवाले को उपलब्ध कराया, जिसमें ऑनलाइन ठगी की रकम 4,50,000 जमा की गई थी।

पुलिस के अनुसार, यह खाता एक म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग किया गया। ठगी की रकम प्राप्त होते ही आरोपी ने चेक के माध्यम से रकम आहरित कर ली और फेरीवाले से 10,000 कमीशन प्राप्त किया। इस मामले में जब पुलिस को म्यूल अकाउंट की जानकारी प्राप्त हुई, तब तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से बैंक पासबुक, पैन कार्ड और चेकबुक को जब्त किया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है, जबकि इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपी फेरीवाले की तलाश अब भी जारी है। कुम्हारी थाना पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से साइबर अपराध पर प्रभावी रोकथाम की उम्मीद की जा रही है।

### मंत्री के प्रयास से एल्युमिनियम पार्क का रास्ता साफ

**कोरबा, 27 अगस्त।** कोरबा को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से कोरबा में एल्युमिनियम पार्क की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उत्पादन कंपनी के बोर्ड ने कोरबा ताप विद्युत गृह की 105 हेक्टेयर जमीन उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने की हरी झंडी दे दी है।

**उद्योग मंत्री ने ही दिया था एल्युमिनियम पार्क का प्रस्ताव**

कोरबा के विधायक और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने ही इस एल्युमिनियम पार्क का प्रस्ताव ऊर्जा और उद्योग विभाग को दिया था। उनके इस सशक्त प्रयास के बाद, वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में इसके लिए 5 करोड़ रुपए की घोषणा भी की गई थी।

# ग्राम पिरदा में भोजली महोत्सव का आयोजन

## ग्रामीणों ने उमंग-उत्साह से लिया भाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 27 अगस्त।** ग्राम पिरदा में आज परंपरागत भोजली महोत्सव एवं शोभायात्रा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए और माँ भोजली माता से सुख-समृद्धि एवं उत्तम वर्षा की कामना की। महिला मंडल एवं ग्रामीण बहनों द्वारा सजाई गईं आकर्षक भोजली झांकियाँ और शोभायात्रा ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिए। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ऐसे पारंपरिक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं तथा समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक गौरव का संदेश देते हैं।

**कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे:** संजय परगनिहा (सरपंच, पिरदा), चंद्रहास वर्मा (पूर्व जनपद सदस्य), राजेश पाल, कैलाश यादव, विनोद निषाद, दीपक साहू, हर्षलता वर्मा, योगेश यादव, अर्जुन ध्रुव, किशोर यादव, छन्नू धुर्वे, राजू साहू, विजय धुर्वे, दिनेश धुर्वे, ठाकुरराम निषाद, मनविश्राम यादव, सत्तू निषाद, केकती निषाद, तनु यादव, शिव देवांगन, सूर्यप्रकाश तिवारी, निशु धुर्वे, प्रवीण साहू, प्रियांशु सिंह, नरेश जोशी एवं समस्त ग्रामवासी। भोजली महोत्सव ने ग्रामवासियों के बीच परंपरा, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

### आदि कर्मयोगी अभियान: जिला स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम 29 को

**अम्बिकापुर, 27 अगस्त।** अनुसूचित जनजातियों के विकास और कल्याण के लिए भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में 29 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया था। इसी क्रम में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 10 जुलाई 2025 को आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनजातीय नेतृत्व आंदोलन बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बहुविभागीय समन्वय, सामुदायिक भागीदारी एवं कैडर आधारित मॉडल के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन एवं योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के माध्यम से अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच और आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# एसईसीएल के चिकित्सालय अब राज्य सरकार के अधीन, मरीजों को मिलेगी कैशलेस सुविधा

**कोरबा, 27 अगस्त।** कोयला मंत्रालय के निर्देश पर कोल इंडिया के 25 चिकित्सालय अब राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) के अधीन आ गए हैं। इन चिकित्सालयो में मरीजों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

इन अस्पतालों को पब्लिक-जीओआई अस्पताल की नई श्रेणी में रखा जाएगा। राज्य के हेल्थ बेनिफिट पैकेज और नियमों के अनुसार प्रोत्साहन और सेवाएं मिलेंगी। कोयला मंत्रालय के अलावा श्रम और रोजगार मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, गृह मंत्रालय, खान मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, रेल मंत्रालय, शिपिंग मंत्रालय के अस्पताल भी राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण को सौंपे गए हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोल इंडिया के कई चिकित्सालय संचालित हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ रिजनल चिकित्सालय, एसईसीएल चरचा, कोरिया रिजनल चिकित्सालय, एसईसीएल कुरासिया शामिल हैं। इन चिकित्सालयो में अब मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इसके अंतर्गत रिजनल चिकित्सालय, एसईसीएल चरचा, कोरिया रिजनल चिकित्सालय, एसईसीएल कुरासिया, कोरिया सेंट्रल चिकित्सालय, एसईसीएल मनेन्द्रगढ़ सेंट्रल चिकित्सालय, एसईसीएल बिलासपुर सेंट्रल चिकित्सालय, एसईसीएल बिश्रामपुर, मेन चिकित्सालय, एसईसीएल कोरबा बांकी चिकित्सालय, एसईसीएल, कोरबा नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, एसईसीएल गेवरा, कोरबा रिजनल चिकित्सालय, एसईसीएल कोतमा कॉलरी, अनूपपुर आदि हैं।

# मानवता हुई शर्मसार : मुंहबोले भाइयों ने दृष्टिहीन बहन से किया दुष्कर्म



**अंबिकापुर, 27 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है. यहाँ दो ममेरे भाइयों ने अपनी ही दृष्टिहीन नाबालिग बहन के साथ एक साल तक दुष्कर्म किया. इस घिनौनी करतूत का खुलासा तब हुआ जब नाबालिग को पेट में दर्द और उभार महसूस हुआ, जिसके बाद उसने रोते-बिलखते हुए अपने माता-पिता को पूरी आपबीती बताई. परिजनों ने तत्काल थाने में जाकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया. हालांकि, खबर है कि दोनों आरोपी पिछले ढाई महीने से फरार हैं. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है.

# कैट के नए प्रदेश कार्यालय में हुआ हवन-पूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 27 अगस्त।** कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ चैप्टर का नया कार्यालय आज पंडरी बस स्टैंड, पगरिया कॉम्प्लेक्स, रोटरी क्लब स्थित नवीन परिसर में हवन-पूजन के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ साज सज्जा के बाद शीघ्र ही कार्यालय शिफ्ट होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने नए कार्यालय के उज्ज्वल भविष्य और संगठन की निरंतर प्रगति की मंगलकामनाएँ दीं। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन श्री अमर पारवानी ने कहा कि नया कार्यालय केवल ईंट और पत्थरों का भवन नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों की एकता, संघर्ष और सफलता का प्रतीक है। यह परिसर व्यापारी समाज के लिए मार्गदर्शन, सहयोग और सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। यहां से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान, नीतिगत चर्चाएँ और सामाजिक-आर्थिक उत्थान हेतु ठोस पहलें की जाएंगी। यह कार्यालय सिर्फस्थान नहीं, बल्कि व्यापारियों के लिए 'सशक्तिकरण का केंद्र' होगा, जहां से व्यापारी वर्ग की आवाज और अधिक मजबूती से उठेगी। हवन-पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और कार्यक्रम का समापन सामूहिक शुभकामनाओं एवं नए संकल्पों के साथ हुआ।

हवन-पूजन में कैट, युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोर्ट कैट एवं उद्योग कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- अमर पारवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, सुरिन्दर सिंह, कैलाष खेमानी, अवनीत सिंह, राकेष ओचवानी, कन्हैया गुप्ता, राम मंधान, शंकर बजाज, श्रीमती मधु अरोरा, श्रीमती प्रेरणा भट्ट, रतनदीप सिंह, विजय पटेल, नागेन्द्र तिवारी, विजय जैन, सतीष श्रीवास्तव, मोहन वर्ल्यानी, राजेन्द्र खटवानी, विक्रांत राठौर, शैलेन्द्र शुक्ला रौनक पटेल, अमित गुप्ता, तजिंदर सिंह, सर्वेश दौलतानी, गिरीश पटेल, बीएस परिहार, मितेष पटेल, लोकेश सोढ़ा, त्रिलोचन साहू, रोहित पटेल आदि।

# मारपीट और गाली-गलौज, तीन आरोपी गिरफ्तार



**पंडरिया, 27 अगस्त।** दिनांक 24/08/2025 को प्रार्थी अरुण चंद्रसेन पिता सूरज शरण चंद्रसेन, निवासी वार्ड क्रमांक 4, महामाया चौक, पंडरिया द्वारा थाना पंडरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दोपहर लगभग 14:30 बजे वह अपने मित्र नवीन यादव के साथ सरकारी अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान पंडरिया बांधा तालाब स्थित शिव मंदिर के पास सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार सूरज ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। घटना के बाद सूरज ने अपने साथियों कुणाल और छोटा के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ अश्लील गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा मारपीट की।

रिपोर्ट प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु आदेश जारी किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री भूपत सिंह धनेश्री के निर्देशन तथा थाना प्रभारी नितिन कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। गठित टीम द्वारा सतत प्रयास करते हुए दिनांक 26/08/2025 को आरोपियों सूरज, कुणाल एवं छोटा को गिरफ्तार कर थाना लाया गया तथा उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं कार्रवाई में प्रधान आरक्षक श्रवण चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक राजेश्वर केसरिया, आरक्षक द्वारिका चंद्रवंशी, आरक्षक अभिषेक शर्मा, आरक्षक आकाश भोई एवं आरक्षक राजाराम जयसवाल का विशेष योगदान रहा।

# यातायात पुलिस को मिले 25 नग रेनकोट एवं 100 नग हेलमेट

## पुलिस अधीक्षक ने की नियमों का पालन करने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 27 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु एवं आमजनों में यातायात नियमों का पालन करने हेतु लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न संगठनों एवं ट्रांसपोर्ट यूनियनों का भी लगातार सहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में CCTWA बलौदाबाजार संगठन द्वारा यातायात व्यवस्था में अमूल्य सहयोग करते हुए यातायात पुलिस को रेनकोट एवं हेलमेट प्रदान किया गया है। आज दिनांक 26.08.2025 को दोपहर 01:00 से पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में CCTWA अध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला, संरक्षक श्री अशोक जैन, श्री सुधीर अग्रवाल एवं श्री जसवंत सिंह सैनी द्वारा 25 नग रेनकोट एवं 100 नग हेलमेट पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता को सौंपा गया।

कार्यक्रम के दौरान CCTWA के समस्त पदाधिकारियों द्वारा यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस बल का सदैव सहयोग करने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों से यातायात नियमों का सदैव पालन कर रहे हेतु अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हृष्ट स्टूडेंट को हेलमेट भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों को यातायात के समस्त नियमों का पालन करने हेतु शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में एनसीसी के स्टूडेंट, यातायात पुलिस मितान के सदस्य, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात भाटापारा, निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा, उप निरीक्षक प्रियेश जॉन प्रभारी यातायात बलौदाबाजार आदि उपस्थित रहे।

# नोटिस के बाद भी बकाया जमा नहीं किया 9 व्यवसायिक परिसरों में निगम ने जड़ा ताला



**रायपुर, 27 अगस्त।** जोन 8 अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन 8 राजस्व विभाग को विगत कई वर्षों से सम्पतिकर नहीं दे रहे बड़े बकायादारों को डिमांड बिल, डिमांड नोटिस, अंतिम नोटिस जारी किये जाने के बाद भी वार्ड 1 क्षेत्र के बड़े बकायादार 507308 रूपये के बकायादार प्रितम सिंग, 216428 रूपये के बकायादार अशोक कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार, 136971 रूपये के बकायादार कुलदीप सिंग/ तेजेंदर सिंग, 433396 रूपये के बकायादार हरवंश सिंग/ महेन्द्र सिंग, सुरजीत कौर, जोन 8 अंतर्गत पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत 87281 रूपये के बकायादार सतगुरु फर्नीचर, 11233 रूपये के बकायादार फैक्ट्री, 43001 रूपये के बकायादार संतोष शर्मा, 34563 रूपये के बकायादार विनोद सिंह, 141069 रूपये के बकायादार राजू साहू ( सुपर बाजार) द्वारा डिमांड बिल, डिमांड नोटिस, अंतिम नोटिस जारी किये जाने के बाद भी रायपुर नगर निगम जोन 8 राजस्व विभाग को बकाया सम्पतिकर अदा नहीं किये जाने पर सम्बंधित 9 बकायादारों के सम्बंधित 9 व्यवसायिक परिसरों को अभियान चलाकर तत्काल ताला लगाकर सीलबंद कर दिया गया है. नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा नगर निगम रायपुर के सभी बकायादारों से नगर निगम राजस्व विभाग को तत्काल अपना सम्पूर्ण बकाया सम्पतिकर अदा करने की अपील की है. बकाया सम्पतिकर तत्काल नगर निगम राजस्व विभाग को अदा नहीं किये जाने पर डिमांड बिल, डिमांड नोटिस, अंतिम नोटिस के पश्चात बकाया राजस्व वसूली हेतु सम्बंधित बकायादार पर सीलबंदी, कुर्की की कार्यवाही नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा की जा सकती है. नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग द्वारा बकाया राजस्व वसूली अभियान निरन्तर जारी रहेगा.

## धरमजयगढ़ का आदिवासी आश्रम,छत से पानी टपकने व भीगते भविष्य की कहानी

# सपनों का आशियाना या खंडहर!

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 27 अगस्त।** विकासखंड धरमजयगढ में शिक्षा के लिए बने भवनों का हाल बेहाल हो गया है। जहां भी देखें स्कूल भवन से लेकर छात्रावास आश्रमों का स्थिति बद् से बद्तर में है। इसी क्रम में आज हम बताने जा रहे हैं विकासखंड के ही सुदूरवर्ती गांव कुमरता में बने आदीवासी बालक आश्रम का जिसका स्थिति बद् से बद्तर हालात में है। आश्रम में कुल के 25 बालक रहते हैं। लेकिन वहीं आश्रम का दृश्य देखकर और बालकों की व्यथा सुनकर शायद आपके आंखों में आंसू आ जायेंगे।

आश्रम का छत बारिश से जगह-जगह पर टपक रही है । और छत के टपकने की वजह से रुम में पानी भर जाता है। बालकों को सोने के लिए मुश्किल उठानी पड़ती है। और आश्रम के अंदर किसी खंडहरों कम नहीं लग रहा। आश्रम में लगातार बारिश से छत टपकना फिर बालकों का आवाजाही कीचड़ आश्रम के अंदर घुस रही है। वहीं आश्रम के अंदर ही कुडादान पेटी रखा गया है। आश्रम के अंदर बदबू आ रही है। साफ सफाई का भी अभाव है। जिससे आने वाले समय में कई तरह के बीमारी बैक्टीरिया, खुजली, उल्टी दस्त जैसे कई बिमारी होने की संभावना स्पष्ट रूप से झलक रही है।

इस संबंध में हमने आश्रम में रहने वाले बच्चों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि आश्रम में रहने का मन नहीं लगता है लेकिन शिक्षा के लिए मजबुर हैं, इसीलिए रहने को मजबूर हैं। और रात में बरसात और छत का टपकना को बच्चों ने जब बताया तो आंखें नम हो गई। उन्होंने कहा सर, जब रात में सोते समय जब पानी गिरता है तो हम सो नहीं पाते पानी के टपकने से हमारी सारे बेड गद्दे गीला हो जाता है। कभी बेड को इधर खसकाते तो कभी ऊधर खींचते हैं। लेकिन हर जगह टपकता है तो फिर किधर करेंगे। आगे उन्होंने बताया कि रात को एक कोने में खड़े होकर रात गुजार लेते हैं। और बदबू से भी परेशान हैं। वे जितना बन पड़े खुद साफसफाई करते हैं।

### बालकों ने बताई अपनी व्यथा

बालकों द्वारा बताए गए दु:ख भरी व्यथा और वहीं जिम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधि वाह रे जिम्मेदार प्रशासन। एक तरफ सरकार स्वच्छ जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत,बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य भारत, निरोग भारत,का नारे घर घर लगा रही। और वहीं आदिवासियों को लेकर सजगता बरत रही है। लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं है। सबसे बड़ा सवाल अधीक्षक क्रीतराम नागवंशी पर है जो प्राथमिक शाला कदमढोढी में शिक्षक भी हैं, जिन्हें बच्चों की देखरेख करनी चाहिए, वे स्वयं विद्यालय पढ़ाने चले जाते हैं। जो उक्त समय पढ़ाने के लिए प्राथमिक शाला कदमढोढी निकल गये थे। लेकिन हमने उनको फोन पर संपर्क करा लेकिन उन्होंने काल रिसीव नहीं किये। यह केवल गैरजिम्मेदारी नहीं, बल्कि अपराध है उन मासूमों के खिलाफ जिनकी जिंदगी उनके भरोसे है। लेकिन वहीं बड़ा सवाल आश्रम की ऐसी हालात की जिम्मेदारी आखिर कौन है? क्या आश्रम के साफसफाई में अधिक्षक में ध्यान देना या जिम्मेदारी नहीं है? कुमरता आश्रम की यह तस्वीर केवल एक गाँव की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की पोल खोलती है। यह उस आईने जैसा है, जिसमें सरकार की चमचमाती घोषणाएँ और धरातल की सड़ांध भरी सच्चाई आमने-सामने खड़ी हैं। और बीच में खड़े हैं मासूम बालक जिनकी किताबें भीग रही हैं, सपने भीग रहे हैं और भविष्य जिम्मेदारों की बेरुखी की नालियों में बह रहा है।

## समाचार संक्षेप

# ओड़िशा से गांजा ला रहे दो तस्कर गिरफ्तार

### डेढ़ किलो गांजा और बाइक जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 अगस्त।** जूटमिल पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ओड़िशा से गांजा लेकर आ रहे दो आरोपियों को पकड़ा गया है जिसमें एक विधि के साथ संघर्षरत बालक है। आरोपियों के कब्जे से करीब डेढ़ किलो गांजा, एक बाइक और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। वहीं इस मामले में एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम दिलीप सिंह राजपूत पिता स्व. पिताम्बर सिंह राजपूत (33 वर्ष), निवासी बाझीनपाली थाना जूटमिल और एक विधि से संघर्षरत बालक बताया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे छातामुड़ा संत विनोबा नगर निवासी सुलेमान लकड़ा उर्फ जुले के कहने पर ओड़िशा से गांजा लेकर आ रहे थे, जिसे रायगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में बेचने की योजना थी। उल्लेखनीय है कि दिलीप सिंह राजपूत और सुलेमान लकड़ा पहले भी गांजा प्रकरण में जेल जा चुके हैं और जमानत पर बाहर हैं।

आरोपी के मेमोरेंडम पर पुलिस ने 1 किलो 558 ग्राम गांजा (कीमत लगभग 15 हजार रुपये), होण्डा साइन मोटरसाइकिल (कीमत 30 हजार रुपये), एक वीवो मोबाइल और एक रियलमी नारजो मोबाइल जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों को सक्षम न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया है, वहीं मुख्य आरोपी सुलेमान लकड़ा फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

कार्रवाई थाना प्रभारी प्रशांत राव के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक शशिदेव भोय, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र भगत, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ, सुशील यादव और नरेश रजक की टीम द्वारा की गई। नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### शराब की अवैध बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**धमतरी, 27 अगस्त।** पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में थाना नगरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सांकरा रोड, धरमकांटा के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने दबिश दी और आरोपी कैलाश साहू पिता अर्जुन साहू, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 09, लाइनपारा नगरी को गिरफ्तार किया। जप्त शराब एवं अन्य सामग्री- 25 पौवा देशी प्लेन शराब ङ्क कीमती 2000/- रुपये। 03 पौवा अंग्रेजी शराब ङ्क कीमती 400/- रुपये ? 02 नग बीयर ङ्क कीमती 360/- रुपये कुल जप्त संपत्ति - 2760/- रुपये आरोपी के विरुद्ध थाना नगरी में अपराध क्रमांक 36/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। धमतरी पुलिस का संदेश धमतरी पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध शराब बिक्री एवं नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। आपकी सूचना पर त्वरित एवं सख्त कार्यवाही की जाएगी,और आपकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

### जिला भाजपा अध्यक्ष ने पंडित विजय शंकर मेहता से लिया आशीर्वाद

**कोरबा, 27 अगस्त।** पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट कोरबा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी कथा स्थल पहुंचे और आज के प्रसहन कपिल गीता, शिव सती चरित्र एवं भरत चरित्र कथा का श्रवण किया और कथा समाप्ति के बाद वे कथावाचक पंडित विजय शंकर मेहता से आशीर्वाद लिया। जिला चेम्बर ऑफकामर्स, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा नेता रामसिंह अग्रवाल ने भी कथा का श्रवण किया और पंडित मेहता से आशीर्वाद लिया। मोदी के साथ मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, रमाकांत साहू, अजय चंद्रा, लक्कीनंदा सहित अन्य भाजपा नेता भी शामिल थे। मोदी ने कहा कि पंडित विजय शंकर मेहता के श्रीमुख से निकले एक-एक शब्द में जीवन का यथार्थ दिखा और कथा सुनने से मन में अद्भूत शांति की प्राप्ति हुई। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समय निकालकर कथा सुनने अवश्य पहुंचे, क्योंकि यहां आपको सुखद जीवन के लिए जीवन प्रबंधन की कला भी सिखने को मिलेंगे।

### शराब दुकानों में कैशलेश व्यवस्था होगी : लखनलाल देवांगन

**कोरबा, 27 अगस्त।** प्रदेश के वाणिज्यिक कर (आबकारी) मंत्री लखन लाल देवांगन ने सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आबकारी विभाग के काम-काज की समीक्षा की। बैठक में मंदिरा दुकानों की व्यवस्था सहित लायसेंस व्यवस्था, मार्केटिंग कार्पोरेशन, विभागीय संरचना प्रदेश में बार-क्लब की जानकारी, मंदिरा की गुणवत्ता सहित आबकारी राजस्व के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। वाणिज्य कर आबकारी विभाग की सचिव श्रीमती आर.शंगीता ने विभागीय गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण के जरिए विस्तार से जानकारी दी। बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन सहित आबकारी विभाग के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। केबिनेट मंत्री देवांगन ने होटल एवं ढाबों, फॉर्म हाउस में मंदिरा की अवैध बिक्री, सेवन न हो इस पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# हाथियों ने तीन मकानों में की तोड़फोड़ 9 किसानों की फसल को किया बर्बाद

### जिले में 187 गजराज कर रहे विचरण, 27 हाथियों का दल बैगिनझरिया गांव के पहुंच गया है करीब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 27 अगस्त।** हाथियों के मूवमेंट से लोगों में दहशत का माहौल है। लैलूंगा रेंज में हाथियों के दल ने 3 कच्चे मकानों को तोड़ दिया। साथ ही 9 किसानों के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। जानकारी के मुताबिक, धरमजयगढ़ वन मंडल के लैलूंगा रेंज के जंगल से 27 हाथियों का दल बैगिनझरिया गांव के करीब पहुंच गया है। रविवार की रात हाथियों ने दयाराम मांझी, मयाराम मांझी, परमीन मांझी के कच्चे मकानों में तोडफ़ोड़ कर बोरे में रखे धान खा गए। जबकि घर में रखे कुछ घरेलू सामानों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों को हाथियों के आने की जानकारी हुई तो सभी घरों से बाहर निकल गए। मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद वनकर्मी और ग्रामीणों ने हाथियों को जंगल की ओर भगाने के लिए हो-हल्ला शुरू कर दिया। इस दौरान हाथियों ने 9 किसानों के फसल को भी बर्बाद कर दिया। इससे कुछ देर बाद हाथियों का दल वापस जंगल की ओर चले गया।

#### हाथियों के मुवमेंट पर नजर रख रहे

लैलूंगा सब डिवीजन के एसडीओ एमएल सिदार ने बताया कि हाथियों ने 3 मकानों को और 9 किसानों के फसल को नुकसान किया है। जिसका आकलन विभाग कर रहा है। इसके अलावा लैलूंगा सब डिवीजन क्षेत्र में 61 हाथी विचरण कर रहे हैं। उनके मूवमेंट पर लगातार नजर रखा जा रहा है। साथ ही गांव-गांव में मुनादी भी कराई जा रही है।

**रायगढ़ वन मंडल में 187 हाथी :** जिले के जंगल में 187 हाथी अलग-अलग जंगलों में विचरण कर रहे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल की बात करें तो 127 हाथी अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहे हैं। जिसमें लैलूंगा रेंज में सर्वाधिक 61 हाथी, छाल में 22, बोरो में 13, कापू में 13, बाकारूमा में 11 के अलावा धरमजयगढ़ में 7 हाथियों की मौजूदगी है। इसके अलावा रायगढ़ वन मंडल में 60 हाथी हैं। जिसमें घरघोड़ा रेंज में 28, रायगढ़ में 22 के अलावा तमनार रेंज में 10 हाथियों की मौजूदगी है।

# कुंदरापारा में नाले और गौचर भूमि पर कब्जा, ग्रामीण परेशान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**लोरमी, 27 अगस्त।** वार्ड पार्षद धनंजय दुबे ने बताया कि लोरमी कुंदरापारा महामाया मंदिर के पास बहने वाली कोतरी नाला और गौचर भूमि पर रामप्रकाश राजपूत द्वारा बेजा कब्जा करने और वहां बने गोबर गैस प्लांट से गंदा पानी नाले में बहाने की शिकायत वार्डवासियों ने की है

ग्रामीणों का कहना है कि इस कारण पितृ पक्ष पूजन, गणेश और लक्ष्मी विसर्जन जैसे धार्मिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। दुर्गंध और गंदगी से लोगों को असुविधा हो रही है। आरोप है कि कई बार मना करने पर भी रामप्रकाश ग्रामीणों को झूठे केस में फंसाने और पुलिस से संरक्षण मिलने की धमकी देता है। परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में हुआ ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान




■ **56 आवेदन प्राप्त, अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश**

**जशपुरनगर, 27 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्थापित सीएम कैंप कार्यालय बगिया अब आमजन के लिए उम्मीद और सहारा का केंद्र बन गया है।ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए यह कार्यालय वरदान साबित हो रहा है।सोमवार को मुख्यमंत्री निवास बगिया स्थित कैंप कार्यालय में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ और मांगें रखीं। ग्राम पंचायतों से आए लोगों ने मुख्य रूप से सामुदायिक भवन, रंगमंच निर्माण,राजस्व मामले,स्वास्थ्य सुविधाओं में सहयोग तथा अन्य बुनियादी आवश्यकताओं से जुड़े मामले को लेकर पहुंचे थे।ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन तक पहुँचाने में कठिनाई नहीं होती, क्योंकि मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय इसके लिए एक सुगम और सशक्त मंच बन गया है।

सीएम कैंप कार्यालय की ओर से प्राप्त सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार किया गया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए और आवेदकों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए।गौरतलब है कि अब केवल जशपुर जिले के ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों से भी ग्रामीण अपनी समस्याएँ लेकर सीएम कैंप कार्यालय बगिया पहुँच रहे हैं। यहाँ उनकी बातें न सिर्फ सुनी जाती हैं, बल्कि वास्तविक समाधान भी खोजा जाता है।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि बगिया कैंप कार्यालय अब उनकी आशाओं का केंद्र बन चुका है, जहाँ हर समस्या का गंभीरता और प्राथमिकता से समाधान किया जाता है।

### असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने पुलिस ने चलाया अभियान

**कोरबा, 27 अगस्त।** कटघोरा थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जेल से रिहा बंदियों, गुंडा व निगरानी बदमाशों की परेड करवाई। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि यदि वे दोबारा अपराध की राह पर लौटे तो उनके खिलाफकठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने कहा कि समाज में अमन-चैन बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है और अपराधियों को भी अब यह समझना होगा कि कानून से खिलवाड़ करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बदमाशों को समझाइश दी कि अपराध छोडकर समाज की मुख्यधारा में लौटें और सम्मानजनक जीवन जिएं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपराध की राह तात्कालिक लाभ दे सकती है लेकिन अंत में उसका परिणाम बर्बादी ही होता है।

# सिमगा क्रिकेट लीग का ऑक्शन संपन्न




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 27 अगस्त।** सिमगा क्रिकेट लीग का बहुप्रतीक्षित ऑक्शन बड़े उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। इस ऑक्शन में विभिन्न टीम मालिकों ने खिलाड़ियों पर बोली लगाई और अपने-अपने दल को मजबूत करने का प्रयास किया। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन और प्रतिभा के आधार पर खरीदा गया। ऑक्शन में प्रमुख रूप से ङ्कक्यूं.सी.आई. से अनिमेश शर्मा, बी.बी.टी. से नवनीत मिश्रा, एम.जे. से जित्तू दुबे एवं अगम कोहली, के.आर.टी. से नुमान खान, ग्रेस से सत्य विकास शर्मा एवं आकाश सिंह, एस.एच. वॉरियर से शिव पाण्डे, बी.एंडबी. से सूर्यकांत तिवारी, जे.सी.सी. से मन्नू पंजवानी ने खिलाड़ियों पर बोलियाँ लगाई। इस अवसर पर सिमगा क्रिकेट लीग समिति अध्यक्ष मनोहर पंजवानी, चेयरमैन अत्री शर्मा, सचिव सौरभ दुबे, पत्रकार संघ से अध्यक्ष रिंकू भाटिया, तथा अखिलेश शर्मा, रिंकू लाल, पिंटू चतुर्वेदी, गुड्डू जैन एवं सिमगा क्षेत्र से सज्जन शर्मा, आशुतोष शर्मा, महेंद्र शर्मा, मीनू जैन, मनोहर सोनकर, कान्हा शर्मा, राम देवांगन, अमर निषाद सहित समिति सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चेयरमैन अत्री शर्मा ने बताया कि यह टूर्नामेंट युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करेगा और स्थानीय खेल संस्कृति को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

# चिड़ोरा की तारा बाई स्वसहायता समूह से बनी आत्मनिर्भर



**जशपुरनगर, 27 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप स्व सहायता समूह में महिलाओं को जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। जिले की महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत् समूह के रूप में विकसित करके रोजगामूलक कार्य के लिए विभिन्न प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने स्वयं की व्यवसाय कर रही है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड कांसाबेल के छोटे से ग्राम चिड़ोरा की रहने वाली है तारा बाई प्रज्ञा स्व सहायता समूह से जुड़ी कर आत्मनिर्भर बन गई है। समूह सहेली ग्राम संगठन से जुड़कर तारा बाई ने बीसी सखी का काम शुरू किया। चिड़ोरा ग्राम मुख्य मार्ग से जुड़े नहीं होने के कारण विभागीय लेन देन हेतु ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था, किन्तु तारा बाई बिहान योजना से जुड़कर ग्रामीणों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुँचाकर गांवो के लिए सच्ची सखी साबित हुई हैं। गांव वालों को बैंक के हर छोटे बड़े काम के लिए अब कांसाबेल स्थित बैंक नहीं जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही वह स्वंय भी आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। तारा बाई के माध्यम से गांवो में वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान, स्वयं सहायता समूह की राशि का लेन-देन एवं अन्य बैंकिंग कार्य किए जाते हैं।

### गणेश चतुर्थी व ईद मिलादुन्नबी को लेकर सिमगा थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**सिमगा, 27 अगस्त।** सिमगा थाना में आज थाना प्रभारी द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की जिसमें प्रमुख रूप से सिमगा ह्यस्त्रद्व साटे ह्यद्बह्न उपस्थित थे, उन्होंने गणेश उत्सव के सभी समिति के सदस्यों को विसर्जन व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात एवं साफ सफाई, ध्वनि नियम संबंधी चर्चा कर दिशा निर्देश दिया गया एवं सिमगा मुस्लमान समाज के लोगों से ईद मिलादुन्नबी को लेकर चर्चा कर दिशा निर्देश दिए गए सभी लोगों सहयोग की अपेक्षा करते हुए त्यौहारों को शांति और सद्भाव के साथ बनाने की अपील की गई। उक्त बैठक में थाना प्रभारी रितेश मिश्रा, तहसीलदार भट्ट सर, सिमगा नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप भाटिया, उपाध्यक्ष विकाश सोनकर, रिंकू भाटिया, पार्षद मुकुंद रजक, टैबू देवांगन, पूर्व पार्षद अब्दुल खान, नूर अली, युनुस खान, करण भाटिया, ओमप्रकाश शर्मा, गुड्डू जैन, सोनू भोसले, एवं समिति के सदस्यगण एवं मुसलमान समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## अंतरिक्ष प्रदर्शन सड़क यात्रा के अंतरिक्ष रथ को महापौर ने दिखाई हरी झंडी

# जिले के 45 स्कूलों तक पहुँचेगा अंतरिक्ष ज्ञान रथ

■ **मंगलयान से गगनयान तक की प्रेरणा, बच्चों को मिलेगी अंतरिक्ष की रोचक जानकारी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी 27 अगस्त।** अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए आज का दिन विशेष रहा। धमतरी के पीएमश्री एम.आर.डी. गवर्नमेंट हाईस्कूल बठेना में आज अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में अंतरिक्ष रथ को महापौर रामू रोहरा एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ आगामी 15 दिनों तक जिले के 45 विद्यालयों का भ्रमण करेगा तथा विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर एम.आर.डी. हाईस्कूल परिसर में स्पेस एग्ज़िबिशन रोड ट्रिप का आयोजन किया गया। इसमें रॉकेट एवं सैटेलाइट मॉडल, दूरबीन, ड्रोन, वर्चुअल रियलिटी (ङ्कक्र) उपकरण सहित कई वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मंगलयान, चंद्रयान एवं गगनयान मिशनों की प्रेरणादायक यात्रा को प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि हम आधुनिक युग में जी रहे हैं। आज भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। चंद्रयान द्वारा दक्षिण ध्रुव तक पहुँचना हम सबके लिए गौरव का विषय है। हमारा प्रयास है कि जिले के बच्चे भी इस उपलब्धि से प्रेरित होकर विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर आकर्षित हों। यदि आज के युवा आधुनिक गतिविधियों से नहीं जुड़ेंगे तो भविष्य की दौड़ में पीछे रह जाएंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर विद्यार्थी की जिज्ञासा को पंख देता है। आने वाले समय में विज्ञान और तकनीक ही विकास का सबसे बड़ा आधार होगा। अंतरिक्ष रथ के माध्यम से बच्चों को प्रयोगात्मक शिक्षा देकर उनके भीतर नई सोच और नई ऊर्जा का संचार किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह अभियान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए समान रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। बच्चे जब अपने आसपास अंतरिक्ष उपकरण और तकनीक को देखेंगे तो निश्चित ही उनकी वैज्ञानिक दृष्टि और आगे बढ़ेगी। हमारा लक्ष्य है कि जिले से भी आने वाले समय में वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री तैयार हों।

एक नजर

## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल क्लार्क को हुआ स्किन कैंसर



ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार माइकल क्लार्क को स्किन कैंसर (त्वचा कैंसर) का पता चला है. 44 साल के क्लार्क ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी सेहत को लेकर जानकारी साझा की और लोगों से नियमित रूप से हेल्थ चेकअप कराने की अपील की. 'स्किन कैंसर वास्तविक है! खासकर ऑस्ट्रेलिया में. आज मेरी नाक से एक और कैंसर वाली गांठ निकाली गई. यह एक फ्रेंडली रिमाइंडर है कि आप अपनी त्वचा की जांच कराते रहें. इलाज से बेहतर है बचाव, लेकिन मेरे मामले में नियमित जांच और शुरुआती पहचान ही सबसे अहम है. शुक्रगुजार हूं कि डॉ. बिश सोलिमान ने इसे समय रहते पकड़ लिया.' माइकल क्लार्क का स्किन कैंसर से सामना नया नहीं है. उन्हें पहली बार 2006 में स्किन कैंसर का पता चला था. इसके बाद 2019 में तीन नॉन-मेलेनोमा लीजन की भी पहचान हुई थी. उस समय भी क्लार्क ने लोगों से अपील की थी कि वे धूप से बचाव के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतें और अपनी त्वचा की नियमित जांच कराते रहें.

अपनी शानदार बल्लेबाजी और शानदार स्किल लिए मशहूर क्लार्क ने 2003 से 2015 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 115 टेस्ट (8643 रन), 245 वनडे (7981 रन) और 34 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच (488 रन) खेले.

# केरल क्रिकेट लीग में संजू सैमसन का धमाल, एक गेंद पर ठोक दिए 13 रन!

**कोच्चि, 27 अगस्त।** कोच्चि ब्लू टाइगर्स के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में पदोन्नत होने के बाद से संजू सैमसन केरल क्रिकेट लीग में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। संजू सैमसन ने 23 अगस्त को एलेप्पी रिपल्स के खिलाफ छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंदों पर केवल 13 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने एरीज कोल्लम सेलर्स के खिलाफ अगले मैच में शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए धमाकेदार शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की। मंगलवार 26 अगस्त 2025 को सैमसन ने त्रिशूर टाइटंस के खिलाफ मैच में केवल 1 गेंद पर 13 रन बनाकर अपनी फॉर्म जारी रखी। यह कारनामा सिजोमन जोसेफ द्वारा फेंके गए 5वें ओवर में हुआ। तब सैमसन ने चौथी गेंद को डीप एक्स्ट्रा कवर बाउंड्री के ऊपर से उड़ा दिया।

त्रिशूर के लिए निराशा की बात यह रही कि गेंद को नो बॉल करार दिया गया और अगली गेंद पर सैमसन ने डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से एक और छक्का जड़ दिया, इस तरह केवल एक वैध गेंद पर 13 रन बना लिए। उन्होंने केवल 46 गेंदों में 89 रन बनाए और कोच्चि ब्लू टाइगर्स को 20 ओवरों में 188/7 के स्कोर तक पहुंचाया। त्रिशूर टाइटंस के गेंदबाजों में अजीनस के ने 30 रन देकर 5 विकेट लिए, जिसमें सैमसन का विकेट भी शामिल था। संजू सैमसन को ब्लू टाइगर्स ने जुलाई में हुई नीलामी में 26.8 लाख रुपये में खरीदा था। वह लीग के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। संजू सैमसन का आधार मूल्य 3 लाख रुपये था और बोली के बाद, कोच्चि ने अपनी 50 लाख रुपये की राशि का आधा से ज्यादा हिस्सा खर्च करके उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। संजू ने अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता देने के लिए लीग के पिछले संस्करण में हिस्सा नहीं लिया था। केसीए सूत्रों ने बताया, संजू मार्च से जुलाई तक लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। दो महीने का आईपीएल और टी20 विश्व कप उनके लिए काफी थका देने वाला रहा है। टी20 विश्व कप के बाद भी, वह ज़िम्बाब्वे और श्रीलंका दौरे पर गई भारतीय टी20 टीमों का हिस्सा थे इसलिए संजू ने केसीए (केरल क्रिकेट एसोसिएशन) के पदाधिकारियों से ब्रेक मांगा था। खिलाड़ियों की नीलामी में भी उनका नाम नहीं था।



ऐसी खबरें आ रही हैं कि शुभमन गिल की टी20 टीम में उप-कप्तान के तौर पर वापसी के कारण संजू सैमसन एशिया कप में सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपनी जगह खो सकते हैं, लेकिन केरल के इस बल्लेबाज ने लगातार दो पारियों में दिखाया है कि वह इस जगह के लिए काफी कुशल हैं। साल 2024 से, 30 वर्षीय यह खिलाड़ी भारत के लिए एक बेहतरीन टी20I सलामी बल्लेबाज रहा है।

बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ पांच पारियों में संजू सैमसन ने तीन शतक लगाए। पिछले साल वह भारत के शीर्ष टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाज रहे। उन्होंने 12 पारियों में 43.60 की प्रभावशाली औसत और 180.16 की स्ट्राइक रेट से 436 रन बनाए। हालांकि, अगर अफवाहों पर यकीन किया जाए तो भारत के पास अभिषेक शर्मा और गिल उपलब्ध होने के कारण, सैमसन को थोड़ा नीचे बल्लेबाजी करनी पड़ सकती है।

## रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल से भी लिया संन्यास



**नई दिल्ली, 27 अगस्त।** भारतीय क्रिकेटर आर अश्विन ने आईपीएल से भी संन्यास ले लिया है. उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा, आज मेरा आईपीएल करियर भी खत्म हो रहा है. 16 साल के आईपीएल करियर में अश्विन ने कुल 221 मैच खेले. उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में 5 टीमों का प्रतिनिधित्व किया. बता दें कि वह दिसंबर, 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं.

आर अश्विन ने 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अपना आईपीएल डेब्यू किया था.

उसके बाद वह राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और फिर राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले. वह आखिरी सीजन (आईपीएल 2025) चेन्नई सुपर किंग्स में लौटे थे, जिसमें खेलने के बाद उन्होंने आज क्रिकेट से संन्यास ले लिया.

आईपीएल से रिटायरमेंट की घोषणा करते हुए अश्विन ने सोशल मीडिया पर लिखा, खास दिन और एक खास शुरुआत. कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है, एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज खत्म हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल के एक एक्सप्लोरर के रूप में मेरा समय आज से शुरू हो रहा है.

अश्विन ने अपने पोस्ट में अपनी सभी लीग का भी शुक्रिया अदा किया, जिनके लिए वह आईपीएल में खेले. उन्होंने लिखा, इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा. और जो मुझे अभी तक BCCI और IPL ने दिया है, उसके लिए उनका भी बहुत शुक्रिया. आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं.

## वर्ल्ड नंबर-1 यूएस ओपन सिनर पहला राउंड जीते

### गैर-वरीय कोप्रिवा को सीधे सेटों में हराया; स्वियातेक और गॉफ भी दूसरे दौर में

**नई दिल्ली, 27 अगस्त।** जैनिक सिनर ने विट कोप्रिवा को हराया वर्ल्ड नंबर एक जैनिक सिनर ने अपने पहले राउंड में चेक गणराज्य के गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी विट कोप्रिवा को सीधे सेटों में 6-1, 6-1, 6-2 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत की।

24 साल के इस इतालवी खिलाड़ी ने इस साल पहले ही ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन का खिताब जीता है और फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे। अगर सिनर इस बार यूएस ओपन जीतते हैं, तो वह 2008 में रोजर फेडरर के बाद पुरुष वर्ग में खिताब की रक्षा करने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।



इगा स्वियातेक की शानदार जीत महिला वर्ग में वर्ल्ड नंबर दो और 2022 की यूएस ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक ने कोलंबिया की गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एमिलियाना अरैंगो को केवल 60 मिनट में 6-1, 6-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।

इगा स्वियातेक ने कोलंबिया की गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एमिलियाना अरैंगो को केवल 60 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया।

इगा स्वियातेक ने कोलंबिया की गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एमिलियाना अरैंगो को केवल 60 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया।

कोको गॉफ ने जीता घरेलू दर्शकों का दिल अमेरिका की अपनी चहेती खिलाड़ी और 2023 की यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलजानोविच को 6-4, 6-7 और 7-5 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 2023 में पहली बार यूएस ओपन जीता था और अब वह दोबारा खिताब जीतने की कोशिश में हैं। गॉफ ने इस साल फ्रेंच ओपन भी जीता था।

## आज हुआ था दुनिया के महान बल्लेबाज 'डॉन ब्रैडमैन' का जन्म

### ऑस्ट्रेलियन आर्मी में भी दे चुके थे सेवा

**नई दिल्ली, 27 अगस्त।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर सर डॉन ब्रैडमैन को दुनिया का सबसे महान बल्लेबाज कहा जाता है. ब्रैडमैन का जन्म 27 अगस्त, 1908 को न्यू साउथ वेल्स में हुआ था. उनका निधन 92 साल की आयु में 25 फरवरी 2001 को हुआ था. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 52 टेस्ट खेले, जिनमें कई सारे रिकाड्‌र्स बनाए. वह ऑस्ट्रेलिया की आर्मी और एयरफोर्स में भी अपनी सेवा दे चुके हैं, लेकिन एक बिमारी होने के बाद उन्हें सेना से रिटायर होने पड़ा.

ब्रैडमैन ने 30 नवंबर 1928 को अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेला था, जिसमें वह 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे लेकिन सिर्फ 18 रन ही बना सके. दूसरी पारी में वह सिर्फ 1 ही रन बना पाए. बेशक पहले टेस्ट में वह फ्लॉप हुए, लेकिन इसके बाद उन्होंने क्रिकेट जगत में अपना लोहा मनवाया और जब 1948 में अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला तब दुनिया के सबसे महान बल्लेबाज कहलाए. उनके नाम कई ऐसे रिकाड्‌र्स हैं, जिन्हे आज भी कोई नहीं तोड़ पाया है.



सर डॉन ब्रैडमैन का नाम डोनाल्ड जॉर्ज ब्रैडमैन था, जिन्हे क्रिकेट जगत 'द डॉन' नाम से भी पुकारता था. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 52 टेस्ट मैचों की 80 पारियों में 99.94 की एवरेज से 6996 रन बनाए, जिसमें 29 शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं. टेस्ट में उनकी सर्वाधिक पारी 334 रनों की है. इसके आलावा उन्होंने 234 फर्स्ट क्लास मैचों में 28067 रन बनाए, इसमें 117 शतकीय पारी शामिल हैं. इसमें उनकी सर्वाधिक रनों की पारी 452 नॉट आउट की है.

टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा डबल सेंचुरी लगाने का रिकॉर्ड ब्रैडमैन के नाम है, उन्होंने 12 डबल सेंचुरी लगाई हैं. ब्रैडमैन का टेस्ट एवरेज 99.94 का है, जो इस फॉर्मेट में सबसे बेहतर एवरेज है.

एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड डॉन ब्रैडमैन के नाम है.



# भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ट्रंप का आदेश आज से लागू

**नई दिल्ली, 27 अगस्त।** भारत से अमेरिका में आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क आज बुधवार से लागू हो गया है। यह अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा द्वारा प्रकाशित मसौदा नोटिस के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा।

नोटिस के अनुसार, एडिशनल ड्यूटी राष्ट्रपति ट्रंप के 6 अगस्त, 2025 के कार्यकारी आदेश 14329 को प्रभावी करने के लिए लगाए जा रहे हैं, जिसका शीर्षक है रूसी संघ की सरकार द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खतरों को संबोधित करना। इस आदेश में भारत से आयातित वस्तुओं पर शुल्क की नई दरें तय की गई हैं। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की घोषणा के बाद उठाया गया है।



सीबीपी ने कहा कि होमलैंड सुरक्षा सचिव ने कार्यकारी आदेश के अनुरूप संयुक्त राज्य अमेरिका के सामंजस्यपूर्ण टैरिफ अनुसूची (एचटीएसयूएस) को संशोधित करना आवश्यक समझा है। उच्च शुल्क उन सभी भारतीय उत्पादों पर लागू होते हैं, जिन्हें या तो अमेरिका में उपभोग के लिए लाया जाता है या फिर उपभोग के लिए गोदामों से वापस ले लिया जाता है। इसके साथ ही, अमेरिका में भारत के आयात पर 50 त टैरिफ अब प्रभावी हो गया है।

इससे पहले 30 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, याद रखें, भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने पिछले कुछ वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं, जो विश्व में सबसे अधिक हैं, तथा उनके पास किसी भी देश की तुलना में सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं हैं।

इसके अलावा, उन्होंने हमेशा अपने सैन्य उपकरणों का एक बड़ा हिस्सा रूस से खरीदा है, और चीन के साथ वे रूस के सबसे बड़े ऊर्जा खरीदार हैं, ऐसे समय में जब हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याओं को रोके सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ और उपरोक्त के लिए जुर्माना देना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। मैगा !

## बड़े ऑर्डर के बाद गुरुवार को इस शेयर पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, 27 अगस्त।** ट्रंप टैरिफ का असर अब भारत के शेयर बाजार पर भी दिखने लगा है। वैसे तो सप्ताह के तीसरे दिन यानी बुधवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर शेयर बाजार बंद था लेकिन अब गुरुवार को एक बार फिर हलचल होने की आशंका है।

इस माहौल के बीच जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज के शेयर भी फोकस में रहेंगे। ये हम इसलिए कह रह हैं क्योंकि कंपनी को एक बड़ा ऑर्डर मिला है। जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज ने कहा कि उसने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के साथ एक समझौता किया है। समझौते की शर्तों के अनुसार जैगल, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक द्वारा संदर्भित कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए प्रीपेड पेमेंट इक्युपमेंट प्लेटफॉर्म जैसी अपनी पेशकशें उपलब्ध कराकर एक सॉल्यूशन प्रोवाइडर के रूप में कार्य करेगा। जैगल प्रीपेड ने 27 अगस्त को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि कॉन्ट्रैक्ट को पूरा करने की समयावधि 5 वर्ष है।

## भारतीय उद्योगों को FY26 Q2 में 5-6 प्र. राजस्व बढ़ोतरी का अनुमान : आईसीआरए

**नई दिल्ली, 27 अगस्त।** भारतीय उद्योग जगत को वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही (वित्त वर्ष 26 की जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 5-6 प्रतिशत की मामूली राजस्व वृद्धि की उम्मीद है, जबकि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत पर था।

रिपोर्ट के अनुसार, FY26 की पहली तिमाही में 4.9 गुना रहे देश के क्रेडिट मेट्रिक्स स्थिर रहने की उम्मीद है, और ब्याज कवरेज अनुपात 4.9-5.1 गुना आंका गया है यह जानकारी मंगलवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वृद्धि को ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी मांग, प्रीमियमाइजेशन और संगठित क्षेत्र की कंपनियों की ओर बढ़ते रुझान से समर्थन मिलने की संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस दौरान देश के क्रेडिट मेट्रिक्स भी स्थिर रहने की उम्मीद है, ब्याज कवरेज अनुपात 4.9 से 5.1 गुना के बीच अनुमानित है, जबकि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में यह 4.9 गुना था। रिपोर्ट में कहा गया, कमोडिटी की कीमतों में सालाना आधार पर नरमी आने से परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) में मजबूती दिखने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन से मांग में तेजी और नीतिगत दरों में कटौती का असर उधारी दरों पर पड़ने से वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में ब्याज कवरेज अनुपात में थोड़ा सुधार हो सकता है। आईसीआरए ने सालाना आधार पर 18-18.2 प्रतिशत के बीच स्थिर ओपीएम का अनुमान लगाया है



आईसीआरए ने सालाना आधार पर 18-18.2 प्रतिशत के बीच स्थिर ओपीएम का अनुमान लगाया है। राजस्व वृद्धि का नेतृत्व कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रिटेल, होटल, जेम और ज्वेलरी जैसे उपभोग केंद्रित क्षेत्रों के साथ-साथ पूंजीगत वस्तुएं, सीमेंट और निर्माण जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर केंद्रित क्षेत्रों द्वारा किया जाएगा। लोकसभा चुनावों के कारण वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में इन क्षेत्रों का प्रदर्शन धीमा रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित जीएसटी सुधार की अनिश्चितता और कम कीमतों की उम्मीद से कुछ खरीदारी अगली तिमाही तक टल सकती है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि प्रस्तावित जीएसटी सुधार की संरचना अभी भी अनिश्चित है, और कम कीमतों की संभावनाओं के कारण कुछ खरीदारी अगली तिमाही तक टल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई क्षेत्रों में उत्पाद मिश्रण में बदलाव ऐसे समय में मुख्य राजस्व वृद्धि को बढ़ावा दे रहा है जब मात्रा वृद्धि धीमी रही है।

## 4 दिन में चांदी 4000 से अधिक उछली, सोने का भाव भी 2000 चढ़ा

**नई दिल्ली, 27 अगस्त।** सोने-चांदी के भाव में पिछले चार कारोबारी दिनों में बंपर तेजी आई है। चार दिन में चांदी चार हजार से ऊपर चढ़ी है। जबकि, सोना इस अवधि में करीब 2000 रुपये उछल चुका है। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक 20 अगस्त को 24 कैरेट गोल्ड का भाव 98946 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 111194 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। इस लिहाज से सोना बिना जीएसटी 1938 रुपये उछल कर 100884 रुपये पर पहुंच गया। जबकि, चांदी सोने के मुकाबले दोगुनी से अधिक रफ्तार से उछल कर 115870 रुपये पर पहुंच गई। सोने-चांदी में यह उछाल मुख्यत वैश्विक आर्थिक हालात और राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण आई है। नए सिरे से बढ़े तनाव और दुनिया भर में अस्थिरता ने निवेशकों को सुरक्षित समझी जाने वाली चीजों की ओर धकेला है। सोने के साथ-साथ चांदी को भी इसका फायदा मिल रहा है। आज आईबीजेए गणेश चतुर्थी की छुट्टी के कारण रेट जारी नहीं करेगा। मंगलवार को 24 कैरेट सोना 404 रुपये महंगा होकर बिना जीएसटी 100884 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 23 कैरेट गोल्ड के रेट में 337 रुपये की उछाल दर्ज की गई और बिना जीएसटी यह 100423 रुपये पर बंद हुआ।



# भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक

## 12 लाख करोड़ का मार्केट और करोड़ों किसानों की कमाई

**नई दिल्ली, 27 अगस्त।** फूड प्रोसेसिंग व्यवसाय में डेयरी सेक्टर सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग बन गया है। देश का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक होगा, क्योंकि सरकार इस क्षेत्र में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दे रही है। डेयरी उद्योग को मजबूत करने में तकनीक की अहम भूमिका है जिसके लिए सरकार और निजी संस्थानों के महत्वपूर्ण साझा भूमिका रही है और यह आगे भी बनी रहने वाली है।

मुंबई में आयोजित अनुगा फूडटेक इंडिया और अनुगा सिलेक्ट इंडिया 2025 के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के कार्यकारी निदेशक सीतारामन रघुपति ने कहा कि भारत के खाद्य एवं पेय क्षेत्र में डेयरी सेक्टर का 25 फीसदी योगदान है, और भारत दुनिया के एक-चौथाई दूध का उत्पादन करता है, जिसकी बाजार कीमत 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। डेयरी सेक्टर में 2,35,000 गांवों के 1.7 करोड़ किसान जुड़े हुए हैं, जिनमें से 35 फीसदी महिलाएं हैं।



फूड प्रोसेसिंग व्यवसाय में डेयरी सेक्टर सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग बन गया है। सीतारामन रघुपति ने कहा कि देश का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर आने वाले वर्षों में सबसे तेज़ी से बढ़ते उद्योगों में से एक होगा, क्योंकि सरकार इस क्षेत्र में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत का खाद्य और पेय क्षेत्र तेज़ी से बढ़ रहा है, जिसे 180 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि, 7.5 लाख करोड़ रुपये के खाद्य प्रसंस्करण और उपभोक्ता खर्च के 40 फीसदी से अधिक के खाद्य लागत से समर्थन मिल रहा है।

अनुगा फूडटेक इंडिया और अनुगा सिलेक्ट इंडिया 2025 के समारोह में भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, डीआर कांगो और थाईलैंड के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ कोलनमेसे जीएमबीएच और कोलनमेसे इंडिया के प्रमुखों ने भी भाग लिया। वक्ताओं ने नवाचार, वैश्विक व्यापार साझेदारी और प्रौद्योगिकी-आधारित विकास के केंद्र के रूप में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## टेस्ला ला सकती है 5जी स्मार्टफोन

**वाशिंगटन, 27 अगस्त।** में टेस्ला एक बार फिर चर्चा में है। इलेक्ट्रिक कारों और क्लीन एनर्जी प्रोडक्ट्स के लिए जानी जाने वाली ये कंपनी अब स्मार्टफोन बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। सोशल मीडिया पर टेस्ला के पहले स्मार्टफोन, जिसे Tesla 5G Smartphone कहा जा रहा है, को लेकर काफी चर्चाएं चल रही हैं। अभी कंपनी की तरफ से इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्ट्स और लीक के मुताबिक यह फोन प्रीमियम यूजर्स को ध्यान में रखकर बनाया जा सकता है। इसमें तेज़ स्पीड, दमदार परफॉर्मेंस और एडवांस टेक्नोलॉजी देखने को मिल सकती है।

बताया जा रहा है कि टेस्ला का यह फोन कस्टम फ्लैगशिप चिपसेट के साथ आ सकता है, जिसमें 16GB RAM और 512GB स्टोरेज दी जा सकती है। यह फोन गेमिंग, हैवी ऐप्स और मल्टीटास्किंग के लिए एकदम सही साबित हो सकता है। इसमें 6.8 इंच की AMOLED डिस्प्ले मिल सकती है जो 120H5 रिफ्रेश रेट के साथ आएगी, जिससे स्क्रीन बेहद स्मूद और शार्प दिखाई देगी।



## एक नजर

### प्रदेश में फर्जी वोटरों को ढूंढेगी कांग्रेस

**रायपुर, 27 अगस्त।** वोट चोरी को लेकर कांग्रेस लगातार आंदोलन कर रही है. अब छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस फर्जी वोटरों को ढूंढेगी. प्रदेश में मतदाता सूची के परीक्षण के लिए कांग्रेस ने आदेश जारी कर दिया है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिलाध्यक्षों को पत्र लिखकर हर विधानसभा की मतदाता सूची का परीक्षण कर चार बिंदुओं में जानकारी पीसीसी में जमा करने कहा गया है. कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के 2023 विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची में हेराफेरी का संदेह जताया है. इसके चलते अब कांग्रेसी प्रदेशभर में अभियान चलाकर फर्जी वोटरों की पहचान करेगी.

### छग के 7 राज्य पुलिस सेवा अधिकारी बने आईपीएस, अधिसूचना जारी

**रायपुर, 27 अगस्त।** छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के सात अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नति मिली है. इसका आदेश आज गृह मंत्रालय भारत सरकार ने जारी किया. छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के सात अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नति मिली है. इसका आदेश आज गृह मंत्रालय भारत सरकार ने जारी किया. आदेश में कहा गया है कि इन अधिकारियों को छत्तीसगढ़ कैडर में सात रिक्त पदों पर नियुक्त किया गया है. इसे लेकर भारत सरकार ने 27 अगस्त 2025 को अधिसूचना जारी कर दी. आईपीएस में पदोन्नत होने वाले अधिकारी- पंकज चंद्रा (जन्म : 21 जून 1972), भावना पांडेय (जन्म : 11 नवम्बर 1974), विमल कुमार बाईस (जन्म : 1 जुलाई 1968), हरीश राठौर (जन्म : 6 जुलाई 1971), वेदव्रत सिरमौर (जन्म : 22 फरवरी 1972), राजश्री मिश्रा (जन्म : 19 जून 1970), श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा (जन्म : 8 जुलाई 1977)।

### महाराजा चक्रधर समारोह शुरू संगीत मर्मज्ञ शामिल होंगे

**रायपुर, 27 अगस्त।** रायगढ़ में चक्रधर समारोह का आयोजन आज से 5 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक संगीत मर्मज्ञ एवं कलाकार शामिल हुए। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर चक्रधर समारोह आकर्षक ढंग से बनाया जाएगा। यह समारोह सूरताल, छंद और घुंघरू के 50 बरस के रूप में आयोजित किया जा रहा है। महाराजा चक्रधर तबला वादक ने काफी निपुण थे इसके अलावा उन्होंने कत्थक सहित अन्य कला में निपुणता प्राप्त की थी। मुख्यमंत्री जापान से लौटने के बाद इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। अधिकारियों के अनुसार इस कार्यक्रम में अनेक प्रतिष्ठित कलाकार एवं तबला वादन आ रहे हैं। यह कार्यक्रम पिछले वर्षों से आयोजित किया जा रहा है जिसमें फिल्मी तारिका एवं नृत्यांगना हेमामालिनी सहित मिनाक्षी शेषाद्री एवं अन्य लोग शामिल हुए है। यह कार्यक्रम रायगढ़ की शान के रूप में जाना जाता है। मुख्यमंत्री के लौटने के बाद इसमें राज्यपाल तथा अन्य व्हीआईपी लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### एनएचएम कर्मियों पर सरकार ने कसा शिकंजा

**रायपुर, 27 अगस्त।** स्वास्थ्य विभाग ने अब हड़ताल पर गये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी मांगी गई है हड़ताल के कारण कई जिलों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों ने स्थायीकरण संवीलियन हेल्थ क्रेडर सहित अन्य मांग की मांग की थी। स्वास्थ्य विभाग ने दोषी कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### राजधानी में गणेश चतुर्थी और नुवाखाई की धूम

**रायपुर , 27 अगस्त।** राजधानी में आज पर्युषण पर्व, नुवाखाई तथा गणेश चतुर्थी की धूम रही। आज कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। वहीं गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न मार्गों में गणेश प्रतिमाओं की भारी बिक्री हुई जिसके चलते यातायात प्रभावित हुआ। राजधानी में आज शुभ मुहुर्त पर घर घर तथा सार्वजनिक स्थलों पर गणेश की प्रतिमा बैठाने का क्रम जारी रहा। इस अवसर पर डीजे सहित अन्य बैंड पार्टियों के साथ लोगों ने गणेश की प्रतिमाएं घर ले गये। आज गणेश चतुर्थी के अलावा ओडिया समाज द्वारा नुवाखाई का पर्व कल 28 अगस्त को मनाया जाएगा जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग अमरदीप टाकीज रोड मालवीय रोड तथा एवरग्रीन चौक में पूजन सामाग्री खरीदने के लिए सक्रिय रहे।

# कांग्रेस में छिड़ी रार! पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के बयान पर मचा कोहराम

**रायपुर, 27 अगस्त।** कांग्रेस भले ही छत्तीसगढ़ में सत्ता खो चुकी है, लेकिन पार्टी के भीतर अंतरद्वंद समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जन्म दिन की बधाई देने गए पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के एक बयान का पूरा संगठन पोस्ट मार्टम करने पर जुट गया है। उन्होंने कहा था कि बघेल को पार्टी का नेतृत्व करना चाहिए। इसका आशय यह निकाला गया कि क्या अगला विधानसभा चुनाव बघेल के नेतृत्व में लड़ने की बात कही जा रही है? चौबे ने बवाल होने पर स्पष्ट किया कि प्रदेश में कलेक्टिव नेतृत्व से ही काम हो रहा है और चुनाव भी इसी तरह लड़ा जाएगा। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को छोटा भाई भी कहा है। जबकि बैज ने चौबे को महाज्ञानी कहते हुए कह दिया कि पार्टी से ऊपर कोई नहीं है। पीसीसी ने अपनी रिपोर्ट जरुर दिल्ली भेज दी है, लेकिन कहा जा रहा है कि इस पर किसी तरह की संगठनात्मक कार्रवाई होने की संभावना कम है।



#### मुद्दों को छोड़ कर बयान पर बवाल क्यों?

संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने चौबे के बयान को तूल दे दिया है। इसके बाद दूसरे खेमे में सवाल खड़ा किया जा रहा है कि प्रदेश में कई मुद्दे हवा में तैर रहे हैं, लेकिन उसे संगठन मजबूती से लपक क्यों नहीं रहा है? राजधानी रायपुर में चाकूबाजी सहित गंभीर अपराध हो गए, कवर्धा कलेक्टर का आवास घेर लिया गया सहित कुछ मुद्दों पर पार्टी की धार नजर नहीं आ रही है। रायपुर और बिलासपुर, दो बड़े शहर हैं, इन दोनों शहरों में कांग्रेस जमीन पर नजर नहीं आ रही है। बिलासपुर में जनता खराब सड़क से त्रस्त है, मस्तूरी में कोल वॉशरी का मामला गरम है। इन दोनों मामलों में बिलासपुर में कांग्रेस ठंडी दिख रही है। बिलासपुर के विकास भवन में मटका फोड़ प्रदर्शन करने वाली महिला कांग्रेसी पार्षद के खिलाफएफआईआर हो चुकी है, इसमें भी महिला को कांग्रेस का साथ नहीं मिला। मुद्दों को छोड़ कर जिस तरह से बयान पर कांग्रेस में राजनीति होती है, वह खुद कांग्रेस के लिए चिंतनीय है।

सवाल यह उठा रहा है कि इस बयान पर इतना बवाल क्यों हो रहा है? क्या संगठन के दूसरे खेमे के लोगों या पदाधिकारियों को लग रहा है कि बैज की जगह बघेल के नेतृत्व का बयान देकर संगठन को कमजोर बताने का प्रयास किया गया है? बघेल खेमे की ओर से अभी किसी ने खुल कर प्रतिक्रिया नहीं दी है, मगर भीतर खाने में यह जरुर कहा जा रहा है कि सरकार बनने से पहले जब बघेल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब कांग्रेस की आक्रामकता दिख रही थी। अभी प्रदेश कांग्रेस संगठन से लेकर विधानसभा के सत्रों में कांग्रेस की धार नजर नहीं आ रही है। कुल मिला कर संगठन की कार्यशैली को लेकर दो खेमों में टकराव स्पष्ट दिख रहा है। उधर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव अपनी अलग ही भूमिका में चलते रहते हैं और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की कार्यशैली भी सबसे भिन्न तरह की है।

#### डीएमएफ को लेकर सियासत

## बैज ने शेयर की मंत्री को लिखे पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष की चिट्ठी

■ **कहा- कुछ दिनों में शुरू होगी सिर फुटव्वल**

**रायपुर, 27 अगस्त।** रायगढ़ के डीएमएफ को लेकर एक बार फिर सियासत गरमा गई है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष की चिट्ठी सोशल मीडिया पर जारी भाजपा पर तंज कसा है. उन्होंने कहा, सुपर सीएम कार्यकर्ताओं की नहीं सुन रहे. रवि भगत को प्रभारी को चिट्ठी लिखनी पड़ी थी. सरकार में कुछ ठीक नहीं चल रहा है. कुछ दिनों में सड़क पर सिर फुटव्वल शुरू होगी. दीपक बैज ने जिस चिट्ठी को शेयर किया है उसे पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत ने रायगढ़ के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम को लिखा है. चिट्ठी में छ्रस्न के दुरुपयोग की बात लिखी गई है. साथ ही खनन प्रभावित इलाकों में फंड का उपयोग करने का निवेदन किया गया है. बता दें कि भाजयुमो अध्यक्ष रहते रवि भगत ने डीएमएफ फंड का उपयोग सिर्फ रायगढ़ में उपयोग करने पर आपत्ति जताई थी. उन्होंने इस मामले को लेकर लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था. इसे लेकर भाजपा ने रवि भगत को नोटिस जारी किया था.

## धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने केंद्रीय मंत्री गडकरी का किया आभार व्यक्त



**रायपुर, 27 अगस्त।** धरसींवा विधायक अनुज शर्मा दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट की। शर्मा ने ग्राम सांकरा (राष्ट्रीय राजमार्ग 30) में अंडर पास की स्वीकृति प्रदान करने हेतु समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों की ओर से गडकरी जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अंडरपास के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को वर्षों से झेल रही असुविधा और सड़क दुर्घटनाओं से मुक्ति मिलेगी तथा यातायात और अधिक सुरक्षित एवं सुगम होगा। श्री शर्मा ने कहा कि भारत में सड़क अवसंरचना को दूरदर्शिता के साथ विश्वस्तरीय स्वरूप देने वाले माननीय मंत्री जी की ऊर्जा, कार्यक्षमता और दृष्टि वाकई प्रेरणादायी है। उनके नेतृत्व में भारत और छत्तीसगढ़ में सड़क निर्माण उत्कृष्टता और गति में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसके साथ ही विधायक अनुज ने प्रदेश में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं भविष्य की परियोजनाओं पर भी केंद्रीय मंत्री से सार्थक चर्चा कर पुनः आभार व्यक्त किया।

# डेंटल-कॉलेज के प्रोफेसर से 26 लाख की ठगी

## वकील भी बना साइबर फ्रॉड का शिकार, 3 लोगों ने 40 लाख गंवाए

**रायपुर, 27 अगस्त।** रायपुर में डेंटल कॉलेज के प्रोफेसर से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 26 लाख की ठगी की गई है। आरोपियों ने शेयर में अधिक मुनाफे का लालच दिया। फिर पैसे वसूल कर लिए। इसके अलावा एक वकील भी साइबर फ्रॉड का शिकार हुआ है। स्कूटी रिपेयरिंग के बहाने फर्जी खाते में पैसे ट्रांसफर करवा लिए गए।

वहीं, एक महिला से ठगों ने 13 लाख का फ्रॉड किया है। यह मामला रायपुर के आमानाका, तेलीबांधा और सरस्वती नगर थाने का है। चलिए सिलसिलेवार तरीके से जानते हैं किस तरह से ठगी की गई है।

**पहला मामला: कॉलेज प्रोफेसर से ठगी-** जयंत चंद्राकर ने आमानाका थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि, वो डेंटल कॉलेज अंजोरा में प्रोफेसर के पद पर हैं। उनके फेसबुक अकाउंट पर स्नङ्क्षश्वक्र नाम से एक लिंक दिखा। जिसमें शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे की बात लिखी थी।

उन्होंने लिंक में क्लिक किया तो एक वॉट्सऐप ग्रुप पर उन्हें जोड़ा गया। कुछ देर बाद एक युवती ने कॉल किया। उसने VIP मेंबरशिप लेने की बात की। फिर गूगल प्ले स्टोर से FYERS नाम का एप्लिकेशन डाउनलोड करवाया।

**कई किस्तों में भेजे रुपए:** प्रोफेसर को ठगों ने झांसा देकर कई किस्तों में रुपए वसूल कर लिए। उन्होंने 5 हजार, 60 हजार, 5 लाख 60 हजार 13 लाख 70 हजार, 6 लाख 10 हजार जैसे अलग-अलग किस्तों में रुपए ट्रांसफर किए। इसके अलावा उन्होंने चेक से भी रुपए भेज दिए। जिन खातों में प्रोफेसर ने रुपए भेजे ठगों ने उन्हें बताया था। प्रोफेसर के मुताबिक, उसने अपनी पत्नी के खाते से भी पैसे ट्रांसफर किए। ठगों ने प्रोफेसर से 26 लाख 68 हजार रुपए वसूल कर लिए। जब उन्हें पैसे वापस नहीं मिले तो ठगी का एहसास हुआ।

**दूसरा मामला: वकील से ठगी-** आयुष अग्रवाल ने सरस्वती नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि, वो वकील है। 24 अगस्त को उसके मोबाइल नंबर पर एक फोन आया। सामने वाले ने खुद को ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर सर्विस सेंटर का कर्मचारी बताया। उसने गाड़ी का कार्बोरेटर खराब है। जिसे बदलना पड़ेगा कहा। जिसके लिए उसने 13500 ऑनलाइन भेजने के लिए बोला। वकील के पैसे भेजने के बाद सामने वाले ने कहा कि, ट्रांजेक्शन फेल हो गया है। इस तरह उसने वकील से दो बार में झांसा देकर 26700 वसूल कर लिए।

**तीसरा मामला: महिला से ठगी-** रायपुर के तेलीबांधा थाना में नेहा गुप्ता नाम की महिला ने शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वह अवंती विहार में रहती है। 9 जून 2025 से 25 जून 2025 तक शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर उनसे ठगी हुई है। आरोपियों ने उनके बैंक खाता से 13 लाख 13 हजार रुपए जमा करवा लिया। इस मामले में पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज की है।

# रायपुर लैंड होने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट भुवनेश्वर डायवर्ट

■ **खराब मौसम के कारण विजिबिलिटी कम थी, कॉम्प्लिमेंट्री नाश्ता नहीं मिलने पर भड़के यात्री**




**रायपुर, 27 अगस्त।** आज सुबह दिल्ली से रायपुर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को रायपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पहले भुवनेश्वर डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट क्रमांक AI-2793 दिल्ली से सुबह 5:35 बजे रवाना हुई थी। रायपुर में सुबह 8:30 बजे पहुंचने का शेड्यूल था।

लेकिन रायपुर में मौसम खराब होने और विजिबिलिटी न मिलने के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को डायवर्ट करने का फैसला लिया। रायपुर एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि, रायपुर एयरपोर्ट के ऊपर घना बादल छा गया था और रनवे पर विजिबिलिटी बेहद कम थी। ऐसी स्थिति में सुरक्षा को देखते हुए विमान को सीधे भुवनेश्वर भेज दिया गया।

फ्लाइट में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। इनमें प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, सराईपाली के प्रखर अग्रवाल और रायपुर के तनय लुनिया भी शामिल थे। फ्लाइट डायवर्ट होने के बाद यात्रियों को भुवनेश्वर एयरपोर्ट ले जाया गया।

यात्रियों ने बताया कि, लंबे इंतजार के बाद लोग भूखे थे। यात्रियों ने फ्लाइट में कॉम्प्लिमेंट्री नाश्ता उपलब्ध करने की मांग की, लेकिन फ्लाइट में नाश्ता नहीं मिलने के कारण यात्री फ्लाइट में भड़क उठे। यात्रियों ने कहा कि, एयर इंडिया को इस स्थिति में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखना चाहिए था।

**एयर इंडिया की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया:** एयर इंडिया की ओर से अभी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन एयरपोर्ट प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम और विजिबिलिटी की समस्या के कारण यह फैसला लिया गया। यात्रियों ने बताया कि मौसम साफ होने के बाद करीब 9.30 बजे भुवनेश्वर से फ्लाइट रायपुर के लिए रवाना हुई। 10.30 बजे फ्लाइट रायपुर एयरपोर्ट में लैंड किया।

### भाजपा के नये पदाधिकारियों-मोर्चा के अध्यक्षों को 31 को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**रायपुर, 27 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारियों को 31 अगस्त को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा। भाजपा के कार्यालय मंत्री अशोक बजाज के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव की नई कार्यकारिणी गठित कर दी गई है जिसके अनुसार यहां पर दो महामंत्री यशवंत जैन और अखिलेश सोनी बनाये गये हैं। वहीं भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा किसान मोर्चा के आलोक ठाकुर महिला मोर्चे की विभाग अवस्थी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के नये अध्यक्ष बनाए गये है। इन अध्यक्षों ने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पश्चात नये संगठन की बारीकियों एवं अन्य दिशा निर्देश दिये जाएंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की नये टीम ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। राज्य में भाजपा के सभी जिलों एवं जाति समीकरण के आधार पर कार्यकारिणी बनाई गई है जिसके चलते समाज के सभी वर्गों को जोड़ने की कवायद की गई है। इससे पार्टी को चुनाव में लाभ मिलने की आशंका है। इधर केबिनेट विस्तार में भी अंबिकापुर दुर्ग तथा रायपुर जिले को महत्व दिया गया है। नये चेहरों को भी प्रवेश दिया गया है। जिसके कारण अब विष्णुदेव सरकार भी मजबूत होते नजर आ रही है। संगठन द्वारा शीघ्र ही अन्य शेष लोगों को भी उपक्रत किये जाने की योजना है।

# बिलासपुर में मिलेगा एम्स स्तर का इलाज

## शासकीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और एम्स रायपुर का समझौता

**रायपुर, 27 अगस्त।** छत्तीसगढ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 25 अगस्त 2025 को कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, बिलासपुर और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (ढ्ढद्वस्), रायपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस करार से प्रदेशवासियों को अब अपने ही शहर में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ और उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। समारोह में एम्स रायपुर की ओर से कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त), अधिष्ठाता (अनुसंधान) डॉ. अभिरुचि गल्होत्रा, सह-अधिष्ठाता (अनुसंधान) डॉ. एकता खंडेलवाल तथा अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ. राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, बिलासपुर की ओर से चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भानु प्रताप सिंह, प्रोफेसर डॉ. अर्चना सिंह और सह-प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन से अस्पताल के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से जोड़ा जाएगा। इसके अंतर्गत उन्हें समय-समय पर नवीनतम तकनीकों और उन्नत चिकित्सा पद्धतियों का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। साथ ही शोध कार्यों और नई तकनीकों को लागू करने में भी सहयोग मिलेगा। इस साझेदारी का सीधा लाभ प्रदेश के आम नागरिकों को मिलेगा, क्योंकि उन्हें अपने ही शहर में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, डॉ. सिंह ने कहा।

उन्होंने आगे बताया कि बिलासपुर आयुक्त श्री सुनील जैन और कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने उन्हें प्रेरित किया कि वे एम्स रायपुर का भ्रमण कर वहाँ की कार्यप्रणाली को समझें और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भी वैसी ही सुविधाओं का विकास करें।

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ले. जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने इस अवसर पर कहा कि एम्स हमेशा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, बिलासपुर के चिकित्सकों, नर्सों और कर्मचारियों को नैदानिक प्रशिक्षण, संकाय आदान-प्रदान, सहयोगी शोध, टेलीमेडिसिन सेवाओं तथा बहु-केंद्रीय अध्ययनों में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

# विश्वकर्मा समाज ने धूमधाम से मनाया हरितालिका तीज

**रायपुर, 27 अगस्त।** भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि दिन मंगलवार को हरितालिका तीज का त्योहार श्रद्धा और आस्था के साथ विश्वकर्मा समाज द्वारा श्री दुलार धर्मशाला बढ़ई पारा रायपुर में भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर तात्यापारा वार्ड की पार्षद एवं जोन 7 की अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा भी उपस्थित थी। उन्होंने बताया कि आज विश्वकर्मा समाज की सुहागिन महिलाएं शिव-पार्वती और गणेश जी की पूजा कर अपने सुहाग की रक्षा व पति के दीर्घायु की कामना की। सभी महिलाएं सोलह श्रृंगार सजधज कर पूरा अर्चना की।

उक्त अवसर पर श्रृंगार सामग्री चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, मेहंदी, काजल सहित अन्य सामग्री माता पार्वती को अर्पित की गई। इस अवसर पर पारंपरिक गीत संगीत का आयोजन भी किया गया। हरतालिका तीज के अवसर पर पंडित श्रीराम बाबा त्रिपाठी के द्वारा समस्त पूजन,कथा का श्रवण किया गया। उपस्थित सभी सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखकर पति की दीर्घायु सुख समृद्धि, उन्नति, प्रगति, और यश की कामना भगवान शिव से की। मान्यता के अनुसार मां पार्वती ने इस व्रत को शिव जी को पति के रूप में पाने के लिए किया था। सुहागिनों ने अपने-अपने घरों और मंदिरों में विधि विधान के साथ हरितालिका तीज व्रत की पूजा अर्चना कर पति के लिए लंबी उम्र की कामना की। सोलह श्रृंगार के साथ तीज व्रत धर्म का पालन करते हुए सुहागिनो पूरे भक्ति भाव के साथ हरितालिका तीज व्रत किया। पुरोहित द्वारा बताए शुभ मुहूर्त में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा अर्चना की साथ ही हरितालिका तीज की कथा सुनकर पति के लंबी आयु की कामना की।

#### पंजीकृत ठेकेदार ही छग ग्रामीण रोड विकास एजेंसी में कर सकेंगे आवेदन

# प्रदेश में सड़कों की मरम्मत के लिए 9 हजार करोड़ का टेंडर

**रायपुर, 27 अगस्त।** छग ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी द्वारा विभिन्न जिलों में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के मरम्मत एवं सुधार हेतु 8941.71 करोड़ का टेंडर जारी किया गया है।

छग ग्रामीण विकास एजेंसी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण एवं सुधार का कार्य किया जाता है। मुख्य अभियंता कार्यालय सिविल लाइन द्वारा इस आशय का एक टेंडर नोटिस जारी किया गया है। जिसे संबंधित ठेकेदार वेबसाइट में देख सकते हैं। यह एकता संबंधित फर्म को दिया जाएगा जोकि इन शर्तों को पूरा करेगी। छग ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी द्वारा बस्तर कांकेर, बिलासपुर, रायपुर रायगढ़, महासमुंद, गरियाबंद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीरधाम, सरगुजा,




जशपुर, बलरामपुर और सूरजपुर में सड़कों का निर्माण एवं जीर्णोद्वार किया जाएगा। निर्धारित शर्तों के अनुसार यह ठेका दिया जाएगा।

यह ठेका लेने के लिए कई एजेंसियां सक्रिय हो गई है। छग सड़क ग्रामीण एजेंसी का काम दुरस्त क्षेत्रों में सड़क का निर्माण करना है। राज्य में इस समय प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की हालत बरसात के चलते काफी खराब हो गई है। राज्य में इन सड़कों के लिए मापदंड बनाए गये हैं। इसमें बाहरी वाहनों का चलना मना रहता है लेकिन बड़ी संख्या में वाहन चलते रहते है जिसके चलते यह सड़क खराब हो जाती है।

मुख्य अभियंता द्वारा जारी टैंडर के अनुसार यह ठेका कुल 8941.71 करोड़ का होगा। इसमें अलग अलग कार्य करवाए जाएंगे। यह कार्य चिप इंजीनियर क्रेड़ा के माध्यम से करवाया जा रहा है। इलेक्ट्रानिक टेंडर के माध्यम से प्रधानमंत्री सड़क योजना का जीर्णोद्वार किया जाएगा। इन ठेकों को लेने के लिए संबंधित ठेकेदारों को पात्रता के अनुसार टैंडर भरना होगा। इसके लिए सभी ठेकेदारों का पंजीयन होना आवश्यक है।

धान उपार्जन केंद्रों में चारदीवारी तथा लाइट कंवर्ड प्लेटफार्म बनाने के लिए मंडी बोर्ड ने भी ई टैंडर जारी कर दिया है। जिसके अनुसार उदयपुर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा।







स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26